हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 3 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री



# सालों पुराने रिकार्ड को चट कर गई दीमक, टूट रहीं फाइलें, कागज बन गए मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर के पुराने तहसील कार्यालय में सालों पुराने रखे राजस्व संबंधी रिकार्डों को अब नर्सिंग हॉस्टल स्थित तहसील कार्यालय में शिफ्ट किया जा रहा है। रिकार्डों की शिफ्टिंग के दौरान राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही भी उजागर हुई है। तहसील के रिकार्ड रूम से लेकर तहसीलदारों के दफ्तरों की आलमारियों में रखे खतौनी डायरियां सहित अन्य रिकार्डों को दीमक चट कर गए हैं। वहीं कई रिकार्ड सड़-गलकर फट गए हैं, जिससे रिकार्ड में लिखे विवरण के नामो निशान मिट गए हैं। एक ओर जहां इन रिकार्डों को सहेज कर रखने में राजस्व विभाग नाकाम रहा है, वहीं दूसरी ओर ⏭ शेष पेज 11 पर

## शिफ्टिंग के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही उजागर

### नकल निकलाने में छूटेगा पसीना

तहसील कार्यालय के रिकार्ड रूम में रखे राजस्व संबंधी कई रिकार्ड भी खराब हो गए हैं, वहीं इन रिकार्डों को वर्ष के अनुसार जमाया नहीं गया है। ऐसे में इन रिकार्डों का नकल निकालना आसान नहीं होगा। नकल देने में कर्मचारियों का पसीना छूटेगा, वहीं नकल नहीं निकलने से न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों की सुनवाई में भी इसका असर पड़ेगा, क्योंकि कई प्रकरणों में पक्षकारों से रिकार्ड मांगा जाता है। बगैर रिकार्ड के सुनवाई में फैसला भी नहीं आ पाएगा।



### रिकार्ड नहीं मिलने से लोगों के अटकेंगे कई काम

रिकार्ड रूम और दफ्तरों की आलमारी में रखे रिकार्ड जो पूरी तरह से नष्ट हो गए है। इन रिकार्डों के कारण लोगों के कई तरह के काम भी अटकेंगे, क्योंकि इन रिकार्ड में भूमि स्वामी, संपत्ति स्वामी, कृषि भूमि से संबंधित रिकार्ड, ग्राम पंचायतों के रिकार्ड, भूमि-धारण अधिकारों के रिकार्ड भी है। इन रिकार्डों के नहीं मिलने से संपत्ति की खरीदी-बिक्री, नामांतरण, सीमांकन, बटांकन सहित कई तरह के काम भी नहीं हो पाएंगे।

### भवन को तोड़ने से पहले शिफ्ट किए जा रहे रिकार्ड

पुराना तहसील भवन की जगह चार मंजिला नई तहसील बिल्डिंग बनने जा रही है। इस बिल्डिंग के निर्माण संबंधी कार्य का ऑर्डर जारी हो चुका है। इसके बाद भवन को तोड़ने के लिए पूरी तरह से खाली कराया जा रहा है। खाली करने के दौरान रिकार्ड रूम से लेकर तहसीलदारों के दफ्तर में रखी आलमारियों से रिकार्ड भी निकाले गए हैं। इन आलमारियों में रखे दस्तावेजों की हालत इतनी खराब है कि इन्हें छूते ही वे फट रहे हैं। आलमारी के अंदर दीवारों पर सीलन के खतौनी सहित अन्य दस्तावेजों में दीमक तक लग चुका था, जिससे रिकार्ड सड़-गल चुके थे।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल लूट के आरोप में दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने मोबाइल लूट के आरोप में मनोज ताखर, तोमेश वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों ने 30 जुलाई की शाम एक युवक से मोबाइल लूट की थी। पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों को पकड़ा। इनके कब्जे से मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की है। गिरफ्तार किए गए बदमाश पूर्व में भी मोबाइल लूट के मामले में जेल जा चुके हैं।

### गांजा तस्करी में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में दो वर्ष से फरार गांजा तस्कर को बस्तर से गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करी के फरार आरोपी मुन्ना राम कश्यप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुन्ना राम के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। मुन्ना राम को पुलिस ने उसके मोबाइल लोकेशन को ट्रेस कर गिरफ्तार किया है।

### जुआ खेलते धरे गए पांच जुआरी, रकम जब्त

**रायपुर।** गंज पुलिस ने जुआ खेलते पांच जुआरियों को केलकर पारा स्थित एक गली के मकान में दबिश देकर गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने जुए की रकम साढ़े 32 हजार रुपए जब्त की है। जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने नदीम खान, जलील अहमद, सुकून खान, रईस और अनीस अहमद को पकड़ा। पांचों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ राज्य जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार में फर्राटे भरते बर्थडे सेलिब्रेट, 13 हजार जुर्माना



**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने बगैर नंबर प्लेट की कार में फर्राटे भरते हुए बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले दो युवकों को पकड़ा है। पकड़े गए युवक किराए की कार लेकर अपने साथियों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार बर्थडे सेलिब्रेट करने की आड़ में तेज रफ्तार कार चलाने तथा हुड़दंग करने के आरोप में मोहित पंजवानी तथा मनोज विश्वकर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गई। बगैर नंबर प्लेट तथा तेज रफ्तार कार चलाने के आरोप में 13 हजार रुपए जुर्माना किया गया है। पुलिस से बचने दोनों युवक कार की नंबर प्लेट निकालकर गाड़ी चला रहे थे।

### सूने मकान से सिलेंडर किया पार, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने 30-31 जुलाई की रात सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे तीन नग घरेलू सिलेंडर तथा एक छोटा सिलेंडर चोरी करने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पूरन लाल साहू की शिकायत पर पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी करने के आरोप में सागर, रवि प्रजापति तथा राजा टंडन को गिरफ्तार किया है। घटना दिनांक को पूरन बेमेतरा गया था। इस दौरान बदमाश उसके घर का ताला तोड़कर मकान के अंदर रखे सिलेंडर चोरी कर ले गए थे।

यूपी के कबड्डी खिलाड़ी जैसा छत्तीसगढ़ में केस...

# पिल्ले ने काटा, सात महीने बाद रेबीज अस्पताल की छत से कूदकर दे दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

यूपी के कबड्डी खिलाड़ी ब्रजेश सोलंकी की तरह कुत्ते के पिल्ले के काटने पर गंभीरता नहीं दिखाना छत्तीसगढ़ के 38 वर्षीय मजदूर के लिए जानलेवा साबित हुआ। सात महीने बाद रेबीज ने असर दिखाया। रेबीज की वजह से उसकी शारीरिक और मानसिक हालत बिगड़ती चली गई। लाइलाज बीमारी तंग मरीज ने छत से छलांग लगाकर जान दे दी। मजदूर ने डॉग बाइट को हल्के में लिया और एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के बजाए घरेलू नुस्खे से अपना इलाज कर रहा था। जानकारी के अनुसार बिलासपुर के तखतपुर पंडरिया निवासी 38 वर्षीय संतोष ध्रुव को 31 जुलाई को आंबेडकर अस्पताल में इलाज के लाया गया था। प्राथमिक जांच के बाद उसे पेइंग आइसोलेशन वार्ड में रखा गया था। उस पर रेबीज का असर होने लगा था और वह वार्ड में हंगामा करने लगा था। घरवालों के साथ चिकित्सकीय स्टाफ के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उसने तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया था। बताया जाता है, उग्र स्वभाव को देखते हुए अस्पताल वालों ने उसे अलग वार्ड में रखा, तो उसने दरवाजा पीटने के साथ अपनी दवा के स्ट्रिप को भी उखाड़ दिया था। कल दोपहर इसी तरह हंगामा करते हुए वह वार्ड से भागकर ⏭ शेष पेज 11 पर

## बिलासपुर से आंबेडकर अस्पताल लाया गया था मरीज, वार्ड में भी करता रहा हंगामा

### पानी से होती थी तकलीफ

भाई बहुरिक ध्रुव ने बताया कि संतोष को कुछ दिनों से पानी से तकलीफ होने लगी थी। वह खाना आराम से खाता था, मगर पानी पीने से घबराता था और उसके उपयोग से बचने की कोशिश करता था। इस हरकत के बाद घरवालों ने दबाव डालकर पूछा, तो संतोष ने बताया कि सात महीने पहले सुबह काम पर जाने के दौरान कुत्ते ने काटा था, मगर उसने घरेलू तरीके से उसका इलाज किया था। स्थिति खराब होने पर परिजन उसे लेकर आंबेडकर अस्पताल लेकर आए थे। संतोष के तीन बच्चे हैं और वह मजदूरी कर उनका पेट पालता था।

### *एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने के बजाय घरेलू नुस्खे से कर रहा था इलाज, हालत बिगड़ी*


आंबेडकर अस्पताल में डॉग बाइट का शिकार होकर पहुंचे 337 लोग
सांप से भी खतरनाक कुत्ते...महीनेभर में 558 से ज्यादा लोगों को काटा, शहरों में बड़ी समस्या

### रेबीज के लक्षण

1. पहले चरण में बुखार, थकान, काटे गये स्थान पर जलन, सनसनाहट, खुजली आदि।
2. दूसरे चरण में उग्रता, पानी, हवा, रोशनी से डर, घबराहट, चीखना, अत्याधिक लार बनना।
3. तीसरे चरण में मांसपेशियों में कमजोरी और उसके बाद पक्षाघात यानी लकवा आना और मृत्यु की संभावना।

### ऐसे करें बचाव

1. डॉग बाइट वाले स्थान को साफ पानी और साबुन से कम से कम 15 मिनट धोकर एंटीसेप्टिक क्रीम लगाएं।
2. पट्टी बांधने के बजाए घाव को खुला रखें और उसे जलाने और घरेलू टोटके से दूर रखते हुए टिटनेस का टीका लगवाएं।
3. डॉग बाइट का शिकार होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाए, चार से पांच डोज लगाए जाते हैं।

**यह है रेबीज...**

*आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डा. विनय वर्मा ने बताया कि रेबीज इन्फेक्शन जनित रोग है जो लियासा नामक वायरस से होता है। यह वायरस संक्रमित जानवरों की लार में पाया जाता है। कुत्ते के काटने या खरोंच मारने पर यह वायरस उसकी लार से व्यक्ति के शरीर में प्रविष्ट कर जाता है। यह तंत्रिकाओं के माध्यम से केंद्रीय तंत्रिका तंत्र यानी मस्तिष्क तक पहुंचता है। टांग या हाथ पर काटने के बाद मस्तिष्क तक पहुंचने में इसे लगभग 20 से अधिक दिन लग जाते हैं। अगर पीड़ित बच्चा है या फिर चेहरे, सर या गर्दन पर काटा है, तो 4 से 7 दिन में भी पहुंच सकता है। सामान्यतः काटने के बाद मस्तिष्क तक पहुंच कर बीमारी होने में 1 से 3 महीने लगते हैं।*

# रेत रॉयल्टी घोटाले की जांच रिपोर्ट गायब, पुलिस में चोरी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आरंग में नौ वर्ष पूर्व करोड़ों रुपए की रेत रॉयल्टी घोटाले की जांच रिपोर्ट निष्कर्ष आने से पहले चोरी हो गई। फाइल चोरी होने के बाद फाइल वापस हासिल करने कई बार विभागीय जांच की गई। विभागीय जांच बेनतीजा रही। इसके बाद विभागीय अफसरों तथा जिला पंचायत के अफसरों के निर्देश पर लेखापाल ने फाइल चोरी होने की सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घोटाले से जुड़ी फाइल चोरी होने की जांच अब पुलिस करेगी।

- वर्ष 2015-16 का मामला, आरंग के तत्कालीन सीईओ सीपी मनहर, पंकज देव पर लगे थे घोटाला के आरोप
- फाइल गुम होने की घटना सात वर्ष पूर्व की है

जिला पंचायत में अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ राघवेंद्र सिंह ने फाइल चोरी होने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राघवेंद्र ने पुलिस को बताया है कि वर्ष 2015-16 में करोड़ों की रॉयल्टी का घोटाला हुआ था। आरंग जनपद पंचायत के तत्कालीन सीईओ सीपी मनहर तथा पंकज देव पर घोटाले में शामिल होने के आरोप हैं। दोनों अफसरों के खिलाफ घोटाला के आरोप लगने के बाद इसकी विभागीय अफसरों द्वारा जांच कराई गई। अफसरों ने जांच करने के बाद फाइल 21 जून 2016 को जिला पंचायत में जमा की।

### सात साल बाद फाइल चोरी होने की रिपोर्ट

रेत रॉयल्टी घोटाले की जांच में क्या तथ्य मिले, इस बात की जानकारी विभागिय अफसरों को मिलने के पूर्व फाइल जमा होने के दो साल तक एक टेबल से दूसरे टेबल तक घूमती रही। वर्ष 2018 में फाइल गायब हो गई। फाइल नहीं मिलने के बाद फाइल संभलाकर रखने वाले जिम्मेदारों को पत्र लिखकर जवाब मांगा गया। साथ ही जिम्मेदार फाइल ढूंढने एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोपते रहे। लाख कोशिश के बाद भी फाइल नहीं मिलने पर विभागीय अफसरों के निर्देश पर थाने में फाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## दस साल में पार्किंग किराया करोड़ों में

# गले की फांस बना बांग्लादेशी विमान, यहां कबूतरों का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यात्रियों की जान बचाने के लिए स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करने वाला बांग्लादेश की विमानन कंपनी का एयरक्राफ्ट विमानन विभाग के लिए गले की फांस बना हुआ है। नीतिगत मामला होने की वजह से उसकी वापसी अथवा नीलामी पर अब तक फैसला नहीं हो पाया है। विमानतल पर इसका पार्किंग चार्ज 10 करोड़ से अधिक हो चुका है। एयरक्राफ्ट के कबाड़ में तब्दील होने की वजह से जंगली कबूतरों तथा अन्य पक्षियों ने वहां डेरा जमा लिया है।

ढाका से मस्कट जा रहे यात्रियों से भरे इस विमान की 7 अगस्त 2015 को रायपुर में आपात लैंडिंग हुई थी। यानी उसे स्थानीय एयरपोर्ट में खड़े-खड़े 10 साल बीत चुके हैं। पहले विमान की वापसी फिर पार्किंग शुल्क की भरपाई के लिए विमानन विभाग द्वारा सौ से अधिक बार बांग्लादेश की एयरपोर्ट अथारिटी के साथ संबंधित एयरवेज कंपनी को ई-मेल और पत्र भेजा चुका है, मगर इस पर अब तक किसी तरह का अंतिम फैसला नहीं आया है। विमान को ऑपरेशन एरिया से काफी दूर खड़ा कर दिया गया है, जहां विभिन्न पक्षियों ने उसे अपना बसेरा बना लिया है। सूत्रों का कहना है कि देखरेख के अभाव में एयरक्राफ्ट पूरी तरह कबाड़ हो चुका है। उपयोग नहीं होने की वजह से इंजन काम के लायक नहीं रह गया है और टायर भी खराब हो चुके हैं। सालों से किसी तरह की गतिविधि नहीं होने के कारण अब इसके उड़ान की संभावना भी ना के बराबर हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि विमान की पार्किंग का शुल्क जो अब दस करोड़ से अधिक हो चुका है, उसकी वसूली का एकमात्र रास्ता विमान की नीलामी है, मगर दो देशों का नीतिगत मामला होने की वजह से केंद्रीय विमानन विभाग भी इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं कर पाया है।




### 2 से 3 सौ करोड़ का एयरक्राफ्ट अब कबाड़

सूत्रों के अनुसार बांग्लादेश की यूनाइटेड एयरवेज की मैकडॉनल डगलस (एमडी 83) की कीमत करीब 2 से 3 सौ करोड़ है। विमानन कंपनी द्वारा वापसी के लिए किसी तरह की पहल नहीं किए जाने की वजह से यह खड़े-खड़े कबाड़ हो गया। 7 अगस्त को 173 यात्रियों के साथ सफर के दौरान विमान के इंजन और पंखों में खराबी आने की वजह से उसकी रायपुर एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई गई थी। यात्री तो दूसरी फ्लाइट से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए, मगर यह एयरक्राफ्ट रायपुर में खड़ा रह गया। वर्ष 2019 में इसे रनवे से दूर कर दिया गया और तब से वह वहीं खड़ा होकर अपने अंतिम फैसले का इंतजार कर रहा है।

### वापसी का नियम नहीं बना

सूत्रों का कहना है इस फ्लाइट की वापसी संभव ही नहीं है। आमतौर पर आपात लैंडिंग करने वाली फ्लाइट अधिकतम तीन माह के लिए किसी एयरपोर्ट पर सशुल्क खड़ा हो सकती है। सालभर तक उसे स्टैण्ड रहने और पुनः वापसी के लिए अब तक नियम नहीं बना है। चूंकि मामला दो देशों के बीच का है, इसलिए इस एयरक्राफ्ट के मामले में एक पक्षीय फैसला भी नहीं लिया जा सकता। केंद्रीय स्तर पर इस फ्लाइट के मामले में फैसला लेने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। कुछ समय पहले इसकी नीलामी की सहमति मिलने की बात सामने आई थी, मगर बात प्रस्ताव से आगे नहीं बढ़ पाई थी।

### सिमटी बारिश तो गर्मी ने दिखाई तेजी, पारा 32 के पार

**रायपुर।** प्रदेश के एक दो स्थानों पर बारिश सिमटने की वजह से गर्मी में तेजी नजर आने लगी है। धूप का प्रभाव बढ़ने के साथ अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राज्य में अभी भारी बारिश की संभावना नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में केवल ओडगी थाना क्षेत्र में 7 सेमी. वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में अभी नया सिस्टम नहीं है। बारिश की गतिविधि रुकने की वजह से बढ़ती गर्मी महसूस हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में कुछ इसी तरह की स्थिति बनी रही और प्रदेश में केवल दर्जनभर स्थानों पर तीन से एक सेमी. तक बारिश हुई। दूसरी ओर दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रिकार्ड किया जा रहा है। अगले चौबीस घंटे में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अगले पांच दिन प्रदेश में भारी बारिश की स्थिति बनने के आसार बिलकुल नहीं हैं।



# जबलपुर एटीएस के हत्थे चढ़े अफगानी नागरिक के तार छत्तीसगढ़ से जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बांग्लादेशी घुसपैठियों के बाद छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में अफगानिस्तान के नागरिकों के अवैध रूप से निवास करने की बात सामने आई है। इस बात का खुलासा मध्यप्रदेश, जबलपुर में अवैध रूप से रहने वाले एक अफगानी नागरिक की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। जबलपुर एटीएस ने जिस अफगानी नागरिक को गिरफ्तार किया है, वह पिछले 10 वर्षों से भारत में रह रहा है। उसने जबलपुर में रहते हुए फर्जी आधार कार्ड के साथ पासपोर्ट, मूल निवास प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस तक बनवा लिया था। इसके साथ ही ⏭ शेष पेज 11 पर

- अफगानी नागरिकों को भारत में बसाने फर्जी आधार कार्ड, पासपोर्ट बनवाने की बात सामने आई

### चुनावी सेल के कर्मचारियों के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा

शोहबत की निशानदेही पर एटीएस ने वन विभाग जबलपुर में कार्यरत दो कर्मचारी दिनेश गर्ग तथा कुमार सुखदन जो चुनावी सेल में कार्यरत हैं, उन्हें गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन दोनों कर्मचारियों ने शोहबत को भारतीय नागरिकता साबित करने फर्जीवाड़ा कर उसका नाम वोटर लिस्ट में शामिल किया था।

### जबलपुर पुलिस से किया जाएगा संपर्क

जबलपुर एटीएस द्वारा गिरफ्तार आरोपी के संबंध में जानकारी लेने जबलपुर पुलिस से संपर्क किया जाएगा। साथ ही शोहबत के छत्तीसगढ़ कनेक्शन की जानकारी ली जाएगी।

- डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एसएसपी रायपुर

*वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे रेल मंत्री, प्लेटफार्म 7 से सुबह 9.30 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दिखाएंगे हरी झंडी*

# जबलपुर के लिए पहली इंटरसिटी आज से 8 घंटे में तय होगा सफर, मिलेंगे 15 कोच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर से जबलपुर के लिए पहली इंटरसिटी ट्रेन आज से चलेगी। स्टेशन से इस ट्रेन की शुरुआत की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुबह 9 बजे प्लेटफार्म नंबर 7, दुर्ग छोर से हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर केंद्रीय रेल मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सभी विधायक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश और मंडल रेल प्रबंधक दयानंद भी मौजूद रहेंगे। पहले दिन ⏭ शेष पेज 11 पर

- जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया ब्रॉड गेज बनने के बाद दुर्ग और रायपुर तक सीधी चलने वाली पहली ट्रेन



### 15 एलएचबी कोच की मिलेगी सुविधा

रक्षाबंधन से पहले नई ट्रेन के चलने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। मदन महल-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों की सुविधा के लिए एक एसी चेयर कार, 4 आरक्षित सेकेंड क्लास कोच, 8 सेकेंड सिंपल जनरल कोच, 1 एसएलआर, और ⏭ शेष पेज 11 पर

### अब दो ट्रेन की मिलेगी सुविधा

रायपुर से जबलपुर के बीच वर्तमान में एकमात्र ट्रेन अमरकंटक एक्सप्रेस चलती है। 9 अगस्त को रक्षाबंधन त्योहार है। इस वजह से अमरकंटक एक्सप्रेस में टिकटों की भारी मारामारी चल रही है। स्लीपर कोच में रक्षाबंधन से एक दिन पहले 8 अगस्त को नो-रूम है और 17 अगस्त तक वेटिंग चल रही है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री ने विधायक साहू ने किया सम्मान

**अभनपुर।** नवा रायपुर मुख्यमंत्री निवास मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के तहत विधायक इन्द्रकुमार साहू को 10 हजार से अधिक सदस्य बनाये जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित किया गया। इस संबंध मे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मे कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है जिन लोगो ने इस अभियान मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है ऐसे कार्यकर्ताओ को सीएम द्वारा सम्मानित किया गया है।

### कॉन्वेंट विद्या मंदिर में हरियाली उत्सव मनाया



**तरपोंगी।** सरस्वती कॉन्वेंट विद्या मन्दिर खैरखूँट मे हर्षोल्लास के साथ ( ग्रीन डे ) हरियाली उत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्य और बच्चो ने मां सरस्वती, मां भारती,एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण मे विद्यार्थियों के लिए अनेक प्रकार के पारंपरिक खेलो का आयोजन किया गया जिसमे गेड़ी दौड़, खो खो, कुर्सी दौड़ रस्सा- कशी, कबड्डी आदि शामिल है l विद्यालय मे सभी बच्चे हरे रंग की पोषाक मे आये और साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया l कार्यक्रम को सम्बोधित कर प्रधानाचार्य सिंधु दुबे, निर्मला दुबे जी ने बच्चो को जीवन मे अनुशासन और संम्मान के महत्व पर बल दिया l कार्यक्रम का संचालन सुधीर दुबे एवं आशुतोष दुबे ने किया।

### मदर्स प्राइड स्कूल में ग्रीन डे मनाया गया



**आरंग।** मदर्स प्राइड स्कूल आरंग में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार के अवसर पर ग्रीन डे सेलिब्रेशन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति एवं मां सरस्वती की छायाचित्र पूजा अर्चना से किया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं को हरे रंग के सजावटी सामानों से सजाया गया एवं विद्यार्थियों द्वारा हरे रंग का पोशाक पहनकर हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिये। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण से संबंधित गीत, भाषण, कविता, ड्रॉइंग चार्ट, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, मॉडल ,पोस्टर प्रस्तुत किये गये।

## निधन

### गंगा बाई पाल

**तिल्दा-नेवरा।** समीपस्थ ग्राम मढ़ी (बंजारी) निवासी गंगा बाई पाल (80) का शनिवार को निधन हो गया।



जिनका अंतिम संस्कार मढ़ी के मुक्तिधाम में किया गया। अंतेष्टि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु व गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे सेतराम पाल के चाची, बिन्दु पाल, पुष्पलता पाल, तुलसी पाल एवं स्थानीय पत्रकार व छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी केशव पाल की दादी थी।

### चंदन धीवर

**आरंग।** शनिवार को ग्राम चरौदा



निवासी 20 वर्षीय चंदन धीवर का निधन हो गया। वह विद्याचरण धीवर के पुत्र और जीतू और गौरव के भाई थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# सीआरपीएफ में जुलुम के लवकुश का चयन, अंचल के लिए मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम पंचायत जुलुम के रहने वाले लवकुश यादव ने क्षेत्र के साथ गांव का नाम रोशन किया है। लवकुश का चयन सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) में हुआ है। अभी उनकी ट्रेनिंग केरल में चल रही है। गरीब परिवार में जन्मे लवकुश का सफर आसान नहीं था। सुविधाओं के अभाव के बावजूद उन्होंने परिस्थिति से हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत और लगन के साथ एसएससी की तैयारी की। पहले प्रयास में उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन दूसरे प्रयास में उनका सलेक्शन सीआरपीएफ में हो गया। लवकुश यादव ने पहली से 8वीं तक की पढ़ाई जुलुम के

**आर्थिक तंगी में पढ़ाई जारी रखी और सलेक्शन के लिए किया खूब श्रम**



सरकारी स्कूल में पूरी की, 9वीं और 10वीं की पढ़ाई रवेली, 11वीं और 12वीं की पढ़ाई टेकारी गांव के स्कूल में पूरी की। बीकॉम की पढ़ाई रायपुर से की।

सुबह 4.30 बजे होती थी दिन की शुरुआत- लवकुश यादव ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि- वह रोज सुबह 4.30 बजे उठ जाते थे। हर दिन 5 किलोमीटर तक दौड़ लगाते थे. 3 भाइयों में घर का बड़ा बेटा होने के कारण जिम्मेदारी भी बड़ी थी। इसलिए रोज टाइल्स मिस्त्री का काम करने रायपुर जाते थे. काम से लौटने के बाद रोज रात में पढ़ाई करते थे। माता-पिता को बेटे पर गर्व- बेटे लवकुश की सफलता पर पिता ईश्वर यादव को गर्व है। ईश्वर यादव का कहना है कि बेटा देश की सेवा करेगा, इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है। मां जयंत्री यादव कहती है- मुझे गर्व है कि मैं एक फौजी की मां हूं।

**युवाओं को संदेश-** जवान लवकुश यादव ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि- कड़ी मेहनत से सफलता जरूर मिलेगी। एक-दो बार अफसल हुए तो रूके नहीं मेहनत जारी रखे। भविष्य में मुझे मौका मिलेगा तो क्षेत्र के युवाओं को सेना में भर्ती के लिए सहयोग जरूर करूंगा।

**प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने भी कराया चेकअप**

# इंडोर स्टेडियम में एक हजार से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों ने परिवार सहित कराई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन ने नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रोजेक्ट छांव की शुरुआत की है। इसके तहत शनिवार को सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में स्वास्थ्य एवं सेवा शिविर लगाया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के एक हजार से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने परिवार के साथ स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा भी विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपना हृदय तथा कैल्शियम टेस्ट भी करवाया।

### स्वस्थ जीवन जीना ही खुशहाल जीवन जीना है : बोरा

प्रोजेक्ट छांव कार्यक्रम में आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह प्रोजेक्ट छांव सभी शासकीय कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों के लिए एक अच्छी पहल है जिसके माध्यम से उनका मुफ्त इलाज एवं टेस्ट एक छत के नीचे मुमकिन है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लगातार कार्य करता जिसके चलते अधिकारी-कर्मचारी को अपने परिवार के लिए समय नहीं मिल पाता। मुख्यमंत्री के निर्देश एवं कलेक्टर गौरव सिंह के प्रयास से यह स्वास्थ्य शिविर संभव हो पा रहा है, जिसका लाभ आप सभी शासकीय कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य ले रहे हैं। स्वस्थ्य जीवन जीना ही खुशहाल जीवन है, हमको अपने तथा अपने परिवारजनों का ख्याल रखना चाहिए, इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



### इन विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने कराई स्वास्थ्य जांच

शिविर में पशुधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, उद्यानिकी, मत्स्य, खाद्य, आबकारी, सहकारिता, नाप तौल, खनिज, जिला मार्केटिंग, आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवारजनों ने स्वास्थ्य जांच कराया।

### स्कूली बच्चों के लिए प्रोजेक्ट दृष्टि

कलेक्टर डॉ. सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट छांव के सभी लाभार्थियों को हमारे कॉल सेंटर से फीडबैक कॉल जाता है जिसके माध्यम से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाती है। एक छत के नीचे सभी प्रकार के इलाज संभव है। अब तक स्मृति पुस्तकालय में 1500 से अधिक किताब और पांच लैपटॉप मिल चुका है। प्रोजेक्ट धड़कन के बाद अब स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट दृष्टि की शुरुआत होने जा रही है जिसके तहत बच्चों के आंख का मुफ्त इलाज किया जाएगा। अंत्योदय तक पहुंचना हमारा लक्ष्य है । इस शिविर में विशेष रूप से मैमोग्राफी, सोनोग्राफी, टीबी जांच, बोन डेंसिटी चेक, ईसीजी, इको, ब्लड टेस्ट किया गया। इस अवसर पर बोर्न न्यू हॉस्पिटल, साईबाबा हॉस्पिटल, एसएमसी हॉस्पिटल, आईटीएसए हॉस्पिटल, रामकृष्ण, श्रीनारायणा, बालाजी हॉस्पिटल, ममता, बालको, लोटस, ग्लोबल, जिला अस्पताल के प्रोफेशनल डॉक्टर एवं स्टाफ ने प्रोजेक्ट छांव में अपनी सेवाएं दीं।

# विधायक खुशवंत सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ शासन के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब को सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में आरंग विधानसभा सहित पूरे प्रदेश में उल्लेखनीय योगदान देने हेतु प्रदान किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। गुरु खुशवंत साहेब ने इस अवसर पर कहा यह सम्मान केवल मेरा नहीं, अपितु भाजपा सदस्यता अभियान में प्रदेश का लक्ष्य पूर्ण करने में जुटे आरंग विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता व सक्रिय साथियों का सामूहिक सम्मान है। यह भारतीय जनता पार्टी की मजबूत संगठनात्मक शक्ति, जनसंपर्क कौशल और राष्ट्रसेवा के संकल्प का परिणाम है। भाजपा का हर सदस्य राष्ट्रनिर्माण के लिए निरंतर समर्पित है। इस समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्रीगण, भाजपा पदाधिकारी, विधायकगण, विभिन्न आयोग/बोर्ड/मंडल/निगमों के अध्यक्षगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सशिमं के बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली की दी प्रेरणा

**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर रीवा में शनिवार को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रशिक्षक सितेश्वरी साहू व सुशीला पटेल द्वारा विद्यार्थियों को /"हाइट व स्वास्थ्य को संतुलित कैसे रखें/" विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल्यावस्था से ही विद्यार्थियों में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और जीवनशैली के प्रति सजगता विकसित करना रहा। प्रशिक्षकों ने बच्चों को उनकी उम्र और शरीर की आवश्यकता अनुसार संतुलित आहार लेने, पर्याप्त नींद, स्वच्छता और रोज़ाना योग या व्यायाम करने की आदत डालने की बात कही। उन्होंने बताया कि जंक फूड और मोबाइल पर अत्यधिक निर्भरता बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित करती है। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने सवाल पूछे और स्वास्थ्य संबंधी कई भ्रांतियों का समाधान पाया। इस अवसर पर शिशु भारती के सचिव व अध्यक्ष सुरेंद्र नशीने आचार्यगण व दिदिया विशेष रूप से उपस्थित रहीं। नशीने ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, अतः विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने दोनों प्रशिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी नियमित रूप से किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# बीईओ ने संकुल के सात स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



शनिवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन वर्मा के निर्देशन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों ने स्कूलों का विजिट किया। इसी कड़ी में संकुल खमतराई के सात स्कूलों का विजिट रिसोर्स पर्सन साक्षी सिंह परिहार ने किया एवं शिक्षकों तथा विद्यार्थियों से बात की। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाना एवं बच्चों के लर्निंग आउट कम कक्षा एवं विषय स्तर अनुरूप प्राप्त करना है तथा इसके अंतर्गत उनके प्लान में क्लास रूम डेमोंसट्रेशन, कार्यशाला आयोजित करना एवं शिक्षकों का प्रशिक्षण तथा लेसन प्लान आदि गतिविधियां शामिल है। ताकि विद्यार्थी विषय की अवधारणाओं को प्रभावी एवं व्यावहारिक तौर पर तेजी से सीख सकें। इस अवसर पर उनके साथ संकुल समन्वयक हरीश दीवान की भी सहभागिता रही और उन्होंने डेली डायरी, मासिक आकलन एवं टाइम टेबल के अनुपालन पर निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्राचार्य लायक सिंह डहरिया, प्रधान पाठक गण नरसिंह दास मानिकपुरी, तारामती बंजारे, लक्षण लहरी, अरविंद वैष्णव, के के साहू, दिगंबर बरिहा, शिक्षक गण तारकेश्वर डडसेना, पुनेश्वर साहू, हेमा बंजारे, रामनारायण कन्नौजे, भूषण जलक्षत्रि, राजेश साहू, नीलू देवांगन, प्रभा जलक्षत्री, सुंदर साहू, अजीत जांगड़े, विनोद यादव, ममता तांडव, कृष्णा चंद्राकर, विष्णु ध्रुव, विमला चौहान, फातिमा जांगड़े, नोहर लाल यादव, घनश्याम साहू, कोमल राठौर आदि की उपस्थिति रही।

# सशिमं के बाल कांवड़ियों ने निकाली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सावन माह के पावन अवसर पर मंदिरहसौद में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने कंधों पर कांवड़ उठाकर शिवभक्ति की मिसाल पेश की। छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं की टोली ने पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ भव्य कांवड़ यात्रा निकाली, जिसने नगरवासियों का मन मोह लिया।यह बाल कांवड़ यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बड़े तालाब (पचेढिया तालाब) स्थित भगवान शिव मंदिर पहुँची। बाल भक्तों ने शिवलिंग पर गंगाजल और पवित्र जल चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ से नगरवासियों के सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। छात्रों ने माथे पर त्रिपुंड लगाकर, भगवा वस्त्र पहनकर और शिवभक्ति के गीतों पर झूमते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान स्कूल शिक्षकों, अभिभावकों एवं नगर के श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा में सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, धर्म, श्रद्धा और सेवा भावना का समावेश करना है।

बच्चों को भगवान शिव के प्रति आस्था जगाने के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा भी इस पहल से दी जा रही है। नगरवासियों ने भी इस अद्वितीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि इतनी छोटी उम्र में बच्चों का ऐसा भक्ति भाव प्रेरणादायक है। कावड़ यात्रा में कक्षाचार्य दिदिया भी शामिल रही।

# सात हजार का गांजा जब्त, महिला गिरफ्तार

**आरंग।** आरंग पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम समोदा पेट्रोल पम्प के पास रेतवी उर्फ लक्ष्मी देवदास पति अजय देवदास उम्र 35 वर्ष सा. समोदा (आंरग) के कब्जे से एक प्लास्टिक सफेद रंग के थैला में रखे 700 ग्राम गांजा किमती 7000 रू. का जप्त किया। उससे पुछताछ करने पर आरोपी राजकुमार देवागंन पिता स्व. कांतिलाल देवागंन उम्र 42 वर्ष साकिन साल्हेभांठा थाना कोमाखान जिला महासमुंद द्वारा मोटर सायकल क्र सीजी 06 ए 8766 से छोड़ना बताने पर मोटर सायकल को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण का कृत्य अपराध



क्र 429/2025 धारा 20 (क) नारकोटिक एक्ट का पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेजा गया है।

### विधायक शर्मा की आज निकलेगी कांवड़ यात्रा



**धरसींवा/ साकरा।** विधायक अनुज शर्मा ने श्रावण में प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए 3 अगस्त को चरौदा शिव मंदिर से सोमनाथ मंदिर तक की विशाल कांवड़ यात्रा में निकलेंगे। रविवार को सुबह 7 बजे यह विशाल कांवड़ यात्रा धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ शुरू होगी। इस यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। वे जगह-जगह पर फूलों की वर्षा करके और भजन-कीर्तन के माध्यम से विधायक शर्मा और अन्य कांवड़ियों का स्वागत करेंगे। यात्रा में शामिल शिवभक्तों के लिए भोजन और ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है।

**सतनाम भवन आरंग में सैचुरेशन कैंप शिविर का हुआ आयोजन**

# बैंक ऑफ बड़ौदा के जनसुरक्षा शिविर में बीमा योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देश अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा आरंग के तत्वाधान में एक दिवसीय सैचुरेशन कैंप शिविर का आयोजन सतनाम भवन आरंग में किया गया। इस जन सुरक्षा शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों तथा वित्तीय सुरक्षा योजनाओं जैसे जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा और पेंशन का लाभ पहुंचाना था। इस शिविर के मुख्य अतिथि मनोज कुमार सहायक महाप्रबंधक वित्तीय समावेशन एवं कारपोरेट सामाजिक दायित्व बैंक ऑफ़ बड़ोदा प्रधान कार्यालय बड़ौदा से थे। उन्होंने शिविर में सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि वित्तीय सुरक्षा योजनाएं केवल बीमा नहीं बल्कि हर नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है और बैंक



ऑफ़ बड़ोदा प्रत्येक नागरिक तक इन सेवाओं को पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है उन्होंने अधिकारियों और बैंक कर्मचारियों को इन योजनाओं की 100% सैचुरेशन सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया और जागरूकता व सेवा वितरण की गुणवत्ता पर बल दिया। इस शिविर में सहायक महाप्रबंधक एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि विकास की मुख्य धारा में हर वर्ग को स्थान मिले। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इन जनकल्याणकारी योजनाओं में पंजीकरण अवश्य करवाये एवं अपने आस पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करें और जागरूक नागरिक के रूप में देश की प्रगति में भागीदार बने तथा महत्वपूर्ण जानकारी में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना वार्षिक प्रीमियम 436 रुपए एवं दो लाख रुपए का जीवन बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना मात्र 20 वार्षिक प्रीमियम एवं दो लाख रुपए का दुर्घटना बीमा, अटल पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र के नागरिकों के लिए पेंशन एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के खाता धारकों की री-केवाईसी करना पर फोकस किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक, छोटे दुकानदार, ठेले खोमचे वाले, रिक्शा चालक, आम नागरिक एवं महिला स्व सहायता समूह की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा प्रबंधक आरंग एवं बैंक कर्मचारियों की उपस्थित रही।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की विधायक से भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भारतीय जनता पार्टी मंडल मंदिरहसौद के अध्यक्ष गोपाल वर्मा के नेतृत्व में मंडल की पूरी टीम शुक्रवार को विधायक कार्यालय आरंग पहुँचकर विधायक गुरु खुशवन्त साहब को सौजन्य भेंट करते हुए विभिन्न जनहितकारी कार्यों के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री वर्मा ने विधायक द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने, सड़क निर्माण, जल आपूर्ति योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं किसानों से जुड़े मसलों पर तत्परता से पहल करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विधायक द्वारा जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मंदिरहसौद सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे आम जनता को लाभ मिल रहा है।

विधायक गुरु खुशवन्त साहेब ने भाजपा कार्यकर्ताओं के इस स्नेह व समर्थन के लिए आभार जताते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता सदैव जनसेवा और क्षेत्र का समग्र विकास है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आम जनता से लगातार संपर्क बनाए रखें और शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएं। भेंट के दौरान गोपाल वर्मा, लक्ष्मीनारायण ठाकुर सहित मंडल के पूरी टीम उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश संगठन में सामान्य वर्ग से नहीं होगा कोई महामंत्री

## दिल्ली की बैठक में बनी रणनीति, अब संगठन महामंत्री के अलावा तीन ही महामंत्री रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ हो गई है। दिल्ली में हुई बैठक में सबसे अहम महामंत्रियों के पदों को लेकर चर्चा हुई है। पिछली कार्यकारिणी में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के अलावा चार महामंत्री रखे गए थे, लेकिन इस बार प्रदेश संगठन महामंत्री के अलावा तीन ही महामंत्री रखने का फैसला किया गया है।

इनमें एक एससी और एक ओबीसी वर्ग का महामंत्री तो लगभग तय कर दिया गया है। अब एक और महामंत्री पर फैसला बाकी है। वैसे सामान्य वर्ग से भी दो नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन सामान्य वर्ग का अध्यक्ष होने के कारण सामान्य वर्ग से महामंत्री न रखने की बात भी सामने आ रही है। ऐसी स्थिति में एसटी वर्ग से कोई नाम सामने आ सकता है। भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बने किरण देव को करीब सात माह हो गए हैं, लेकिन मंडल और जिलों की कार्यकारिणी के कारण अब तक प्रदेश की कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। जिलों की कार्यकारिणी



तय होने के बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। अब इसको लेकर तैयारी प्रारंभ हो गई है।

### दिल्ली में बड़ा मंथन

दिल्ली में एक दिन पहले देर रात तक भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश के साथ प्रदेश संगठन को लेकर बड़ी बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश संगठन के महामंत्रियों को लेकर मंथन किया गया। जानकारों का कहना है कि एससी वर्ग से पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय और ओबीसी वर्ग से सरगुजा संभाग के अखिलेश सोनी का नाम लगभग फाइनल हो गया है। तीसरा नाम अभी फाइनल नहीं है। वैसे सामान्य वर्ग से भी दो नाम एक दुर्ग और एक बिलासपुर के नेता का लिया जा रहा है। लेकिन जानकारों का साफ कहना है कि सामान्य वर्ग से कोई महामंत्री नहीं बनाया जाएगा, क्योंकि सामान्य वर्ग से ही किरण देव अध्यक्ष हैं। अभी वर्तमान में जो चार महामंत्री हैं, उनमें से एक जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। एक और महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बनाए गए हैं। इनके अलावा रामजी भारती और भरत वर्मा महामंत्री हैं। इनको उपाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। ऐसे में तीन नए महामंत्री बनेंगे। इसी के साथ प्रदेश संगठन के उपाध्यक्ष,मंत्री और कोषाध्यक्ष के नामों पर भी मंथन पूरा हो गया है।

### मोर्चा अध्यक्षों पर भी चर्चा

प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही सात मोर्चा के अध्यक्ष भी घोषित किए जाते हैं। इन मोर्चा में सबसे अहम भाजयुमो, महिला और किसान मोर्चा है। भाजयुमो की अहमियत सबसे ज्यादा रहती है। इस मोर्चा के लिए आधा दर्जन नामों पर मंथन किया गया है, लेकिन अभी किसी का नाम फाइनल नहीं है। अन्य मोर्चा के भी संभावित नामों पर चर्चा की गई है।

## खबर संक्षेप



### शहीद विद्याचरण शुक्ल की मनाई जयंती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद द्वारा अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शहीद विद्याचरण शुक्ल की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम पं. विद्याचरण शुक्ल उद्यान और शुक्ल भवन बुढ़ापारा में उनके चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल ने कहा कि पं. रविशंकर शुक्ल का देश की आजादी में मुख्य योगदान रहा है, अविभाजित मध्यप्रदेश के बड़े हिस्से में उनके समर्थक थे, उनके आंदोलनों से प्रभावित होकर ही महात्मा गांधी सहित कई राष्ट्रीय नेता शुक्ल भवन आए थे। देश की आजादी के बाद वे मुख्यमंत्री बने। कृषि, सिंचाई, शिक्षा, उद्योग आदि सर्वांगीण विकास के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमोद चौबे, नितिन कुमार झा, डॉ. उदयभान सिंह चौहान आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में शैलेष नितिन त्रिवेदी, एमआईसी पार्षद अमर गिदवानी, निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता एवं शुक्ल समर्थक उपस्थित थे।

### 96 प्रतिशत हितग्राहियों ने उठाया 3 महीने का चावल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पीडीएस हितग्राहियों को तीन माह का चावल एकमुश्त देने की योजना का लाभ राज्य के 96 प्रतिशत हितग्राहियों ने उठाया है। जून से लेकर 31 जुलाई की अवधि के बीच चावल का वितरण शुरू किया था। इस संबंध में खाद्य विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 96 प्रतिशत राशन का वितरण तय समयावधि में हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक बस्तर संभाग में 94 प्रतिशत लोगों ने चावल उठाया। बिलासपुर संभाग में 95 प्रतिशत, दुर्ग संभाग में 95 प्रतिशत, रायपुर संभाग में 97 प्रतिशत, और सरगुजा संभाग में 96 प्रतिशत, यानि औसतन राज्य में 96 प्रतिशत हितग्राहियों को योजना का लाभ मिला है। कुल मिलाकर राज्य में इस तरह 7 लाख 48 हजार 245 मीट्रिक टन चावल का वितरण किया गया है। जबकि वितरण के लिए 7 लाख 77 हजार 943 मीट्रिक टन चावल का भंडारण किया गया था। राज्य में 13 हजार 965 उचित मूल्य दुकानों से यह चावल वितरण किया गया है।

## प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने भी कराया चेकअप

# इंडोर स्टेडियम में एक हजार से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों ने परिवार सहित कराई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन ने नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रोजेक्ट छांव की शुरुआत की है। इसके तहत शनिवार को सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में स्वास्थ्य एवं सेवा शिविर लगाया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के एक हजार से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने परिवार के साथ स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा भी विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपना हृदय तथा कैल्शियम टेस्ट भी करवाया।

### स्वस्थ जीवन जीना ही खुशहाल जीवन जीना है : बोरा

प्रोजेक्ट छांव कार्यक्रम में आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह प्रोजेक्ट छांव सभी शासकीय कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों के लिए एक अच्छी पहल है जिसके माध्यम से उनका मुफ्त इलाज एवं टेस्ट एक छत के नीचे मुमकिन है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लगातार कार्य करता जिसके चलते अधिकारी-कर्मचारी को अपने परिवार के लिए समय नहीं मिल पाता। मुख्यमंत्री के निर्देश एवं कलेक्टर गौरव सिंह के प्रयास से यह स्वास्थ्य शिविर संभव हो पा रहा है, जिसका लाभ आप सभी शासकीय कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य ले रहे हैं। स्वस्थ्य जीवन जीना ही खुशहाल जीवन है, हमको अपने तथा अपने परिवारजनों का ख्याल रखना चाहिए, इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन को मैं इस अद्भुत प्रोजेक्ट के लिए धन्यवाद देता हूं एवं बधाई देता हूं।



### इन विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने कराई स्वास्थ्य जांच

शिविर में पशुधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, उद्यानिकी, मत्स्य, खाद्य, आबकारी, सहकारिता, नाप तौल, खनिज, जिला मार्केटिंग, आदिम जाति विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं परिवारजनों ने स्वास्थ्य जांच कराया।

### स्कूली बच्चों के लिए प्रोजेक्ट दृष्टि

कलेक्टर डॉ. सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट छांव के सभी लाभार्थियों को हमारे कॉल सेंटर से फीडबैक कॉल जाता है जिसके माध्यम से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाती है। एक छत के नीचे सभी प्रकार के इलाज संभव है। अब तक स्मृति पुस्तकालय में 1500 से अधिक किताब और पांच लैपटॉप मिल चुका है। प्रोजेक्ट धड़कन के बाद अब स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट दृष्टि की शुरुआत होने जा रही है जिसके तहत बच्चों के आंख का मुफ्त इलाज किया जाएगा। अंत्योदय तक पहुंचना हमारा लक्ष्य है । इस शिविर में विशेष रूप से मैमोग्राफी, सोनोग्राफी, टीबी जांच, बोन डेंसिटी चेक, ईसीजी, इको, ब्लड टेस्ट किया गया। इस अवसर पर बोर्न न्यू हॉस्पिटल, साईबाबा हॉस्पिटल, एसएमसी हॉस्पिटल, आईटीएसए हॉस्पिटल, रामकृष्ण, श्रीनारायणा, बालाजी हॉस्पिटल, ममता, बालको, लोटस, ग्लोबल, जिला अस्पताल के प्रोफेशनल डॉक्टर एवं स्टाफ ने प्रोजेक्ट छांव में अपनी सेवाएं दीं।

## अटलनगर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राज्य की सभी कॉलोनियों में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नवा रायपुर अटलनगर सेक्टर-12, फेस-1 में प्रधानमंत्री की पहल 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवा रायपुर कॉलोनी के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी मां के नाम पर पौधे लगाकर कार्यक्रम को भावनात्मक तथा सामाजिक सफलता प्रदान की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा, "प्रधानमंत्री की इस प्रेरणादायक पहल से जुड़कर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने यह संदेश दिया है कि हर नागरिक पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकता है। हम अपनी सभी परियोजनाओं में हरियाली को प्राथमिकता दे रहे हैं।" इसी दौरान आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने अभियान की सराहना करते हुए कहा, मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरित छत्तीसगढ़ की दिशा में अपना योगदान दें।" कार्यक्रम में आयुक्त अवनीश शरण, अपर आयुक्त हर्ष कुमार जोशी, अजीत पटेल, एमडी पनारिया, एसके भगत, एचके वर्मा, मुख्य संपदा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, मुख्य लेखा अधिकारी पीके सोनवानी, उपायुक्त बीबी सिंह, विनोद कुमार गहरवार, आर्किटेक्ट सीए. डोले समेत अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# खरीफ सीजन में किसानों ने उठाया 5 हजार 900 करोड़ का ऋण, फसल के लिए दी गई 10.91 लाख मीट्रिक टन खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक मानसून की गतिविधि अनुकूल होने के कारण राज्य में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई से संबंधित काम तेजी पर है। इस बीच सहकारी क्षेत्र से किसानों ने 5 हजार 900 करोड़ रुपयों का ऋण उठाया है। इसके साथ ही किसानों की मांग के अनुरूप खाद भी उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार का दावा है कि अब तक 10.91 लाख मीट्रिक टन खाद किसानों में वितरित की जा चुकी है।

राज्य में इस साल मानसून सीजन की खेती के लिए किसान जुटे हुए हैं। खेती किसानी के काम में तेजी के पीछे वजह ये भी कि किसानों को सहकारी सिस्टम से तक 5 हजार 900 करोड़ रुपए ऋण एवं आदान सामग्री के रूप में बांटे गए हैं। किसानों को



दिया गया यह कर्ज सहकारी सिस्टम का है। इसमें अन्य बैंकों से दिया गया ऋण शामिल नहीं है। बताया गया है कि इस सीजन में किसानों को 7 हजार 800 करोड़ रुपए ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है। अनुमान है कि अब तक करीब 12 लाख किसानों ने कर्ज उठाया है। पिछले साल इसी समय तक यह आंकड़ा भी इतना ही था।

### किसानों में बंटी 10.91 लाख मीट्रिक टन खाद

खेती के इस सीजन में किसानों को भले ही डीएपी खाद के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, लेकिन सरकार के प्रयास से अन्य खाद की कोई कमी नहीं है। प्रदेश में 14.62 लाख मीटरिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 14.47 लाख मीटरिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण किया गया और किसानों को अब तक 10.91 लाख मीटरिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है।

### डीएपी नहीं तो नैनो डीएपी हाजिर है

राज्य में डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) के व्यवहारिक विकल्प के रूप में नैनो डीएपी की बड़ी संख्या में भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था की गई है। राज्य में एनपीके और एसएसपी उर्वरकों के भंडारण और वितरण का लक्ष्य बढ़ाया गया है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को ठोस डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी अथवा एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट खाद की अनुपातिक मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

# दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री साय, कहा- जल्द होगा मंत्रिमंडल का विस्तार, इंतजार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के बाद शनिवार सुबह रायपुर लौट आए। दौरे में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। दौरा राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण रहा। इसमें छत्तीसगढ़ के विकास, बस्तर की पहचान और मंत्रिमंडल की अटकलों को लेकर कहा, जल्द विस्तार होगा, इंतजार करिए। मुख्यमंत्री साय ने एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, दिल्ली दौरे में उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा आलाकमान से हुई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के विजन अंजोर 2047, राज्य के राज्योत्सव और अगले छह महीनों तक चलने वाले आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

### पीएम मोदी को अमृत महोत्सव का दिया निमंत्रण

सीएम ने पीएम मोदी को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अमृत रजत महोत्सव का निमंत्रण दिया। सीएम ने पीएम मोदी को राज्योत्सव के अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। प्रदेश में 176 दिन तक रजत जयंती समारोह की धूम दिखाई देगी। रजत जयंती के अवसर पर 15 अगस्त से 6 फरवरी 2026 तक सभी विभागों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पहला चरण 15 अगस्त से 31 अक्टूबर तक होगा, जिसमें 78 दिन शामिल हैं। वहीं दूसरा चरण 1 नंवबर से 6 फरवरी 2026 तक होगा, जिसमें कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो 98 दिन का होगा।

# दिव्यांग बच्चों से संबंधित प्रकरणों की विवेचना के लिए पुलिस को मिलेगी स्पेशल ट्रेनिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिव्यांग बच्चों के लिए सेफगार्डिंग इन्टरेस्ट ऑफ चिल्ड्रन विथ डिसेबिलिटिस विषय पर राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुणदेव गौतम की पहल पर पुलिस एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पीएचक्यू में किया गया। आईजी अजय यादव ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालसंरक्षण की दिशा में लगातार कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जिलों में पदस्थ विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारी (सीडब्ल्यूपीओ) सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के लिए दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में एक ओर जहां दिव्यांग बच्चों से संबंधित प्रकरणों की विवेचना कैसी की जानी है, वहीं दूसरी ओर पुलिस की संवेदनशीलता ऐसे बच्चों के साथ कैसी होनी चाहिए, इस पर राज्य के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पुलिस महानिदेशक श्री गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में समाज में अत्यधिक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं, जिसमें संयुक्त परिवारों व सामाजिक संस्थाओं का विघटन प्रमुख है, जिसके कारण बच्चों को घर व समाज से वह सपोर्ट नहीं मिल पाता, जिसकी उसे आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति बच्चों को संरक्षित रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी पुलिस पर आ जाती है एवं पुलिस को कानून के पार जाकर बच्चों को समझना आवश्यक है, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। कार्यशाला में विभिन्न जिलों व पुलिस मुख्यालय के 25 राजपत्रित अधिकारी सहित 135 पुलिस अफसर शामिल हुए।

- पुलिस महानिदेशक की पहल पर दिव्यांग बच्चों के लिए यूनिसेफ के साथ मिलकर कार्यशाला का आयोजन



























## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मडिया तालाब में लगाए पौधे

**रायपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक 11 में विगत दिनों भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया। यह पौधारोपण मोवा स्थित मडिया तालाब में विभिन्न फलदार पौधे का रोपण किया गया। यह कार्यक्रम पार्षद मोहन साहू के नेतृत्व में किया गया। पौधारोपण करने वालों में मुख्य रूप से मोवा मंडल के मनीष नागौडे, शुभ्रा नामदेव, छेदूराम वर्मा, महेश नामदेव, राजेश पांडे, लोमेश साहू, अरुण भारती, मोहम्मद यूसुफ, कावेरी सिंह, अभिषेक सक्सेना, सुरेंद्र, यशोदा साहू, सरोज चौहान, अनीता साहू, पप्पू साहू आदि शामिल थे।

### वीर बालक ओम ने इंटरनेशनल में जीता मेडल



**रायपुर।** 9वां इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप इंडियन चैलेंजर्स कप 2025 नेताजी इंडोर स्टेडियम हावड़ा कोलकाता में आयोजित हुआ। इस चैंपियनशिप में भारत सहित 8 देशों की भागीदारी रही। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का वीर बालक, दिव्यांग ओम उपाध्याय ने फिर अपने खेल जौहर से मेडल जीता। उन्होंने ब्रांज मैडल हासिल किया है। इससे पहले मई में झारखंड के झांसी में नेशनल कराटे स्पर्धा में ओम ने गोल्ड और ब्रांज मेडल जीता था। ओम भिलाई कोहका के एलीट कराटे एकेडमी से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## निधन

### रमेशचंद नैयर



**रायपुर।** न्यू शांति नगर निवासी रमेशचंद नैयर का 2 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अगस्त को सुबह 11.30 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे योगेश, मुकेश और राकेश नैयर, पुखराज भाटिया, ज्योति सूद के पिता थे।

### ढेला बाई साहू



**रायपुर।** खमतराई निवासी ढेला बाई साहू का 2 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अगस्त को खमतराई श्मशानघाट में किया जाएगा। वे रामाधार साहू, शिव साहू की माता और कौशल साहू की दादी थीं।

# नयापारा डबरी की जमीन निगम को, सड़क चौड़ीकरण और पार्किंग स्थल का बनेगा प्लान

## जोन कमिश्नर के आवेदन पर कलेक्टर ने दिए सीमांकन के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला प्रशासन ने नयापारा डबरी नवीन मार्केट के पीछे स्थित जमीन के सीमांकन का आदेश जारी किया है। यह जमीन पहले वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित की गई थी। इसे नगर निगम ने अपने कब्जे में लेने के लिए आयुक्त के समक्ष आवेदन दिया था, जिसके बाद अब कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को सुनवाई के लिए अधिकृत किया है।

नगर निगम के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव से मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन रायपुर के अपर कलेक्टर द्वारा नयापारा डबरी की जमीन को लेकर इसका सीमांकन कराया जा रहा है। नगर निगम की ओर से जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव पक्ष रखेंगे। उन्होंने बताया कि अपर कलेक्टर द्वारा इसका सीमांकन कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण करना चाहता है। यह जमीन पहले वक्फ बोर्ड के पास थी, अब कमिश्नर के आदेशानुसार नगर निगम को चली गई है। जोन क्रमांक 4 के अध्यक्ष इसके प्रतिपालन के लिए जिम्मेदार होंगे। अरुण ध्रुव ने बताया कि जिला कलेक्टर के कार्य में सहयोग करेंगे। फूल चौक और तात्यापारा चौक के बीच नवीन मार्केट वर्षों पुराना है, इसके पीछे की जमीन को लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद चल रहा है। तात्यापारा से लेकर शारदा चौक के बीच सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। इसमें नवीन मार्केट को लेकर सबसे बड़ी समस्या है।

### नया प्रोजेक्ट लाने की तैयारी

यह जमीन मिलने से निगम यहां पर नया प्रोजेक्ट ला सकता है। नयापारा डबरी की जमीन का उपयोग व्यावसायिक कॉम्पलेक्स और पार्किंग के लिए किए जाने का प्लान है। फिलहाल निगम इसका सीमांकन कराने के बाद अपने कब्जे में ले रहा है। आने वाले समय में वर्षों से लंबित सड़क चौड़ीकरण कराने का प्लान है।



### 4 एकड़ से अधिक जमीन

बताया जाता है कि यह जमीन कुल 4 एकड़ 62 डिसमिल है, जिसमें सिर्फ 72 हजार वर्गफीट सुरक्षित है। यह बेश कीमती जमीन है। यहां निगम का पुराना जोन दफ्तर संचालित था। बाद में यह मालवीय रोड के पास आ गया था। तब से यह जमीन रिक्त थी, जिस पर वक्फ बोर्ड ने अपना दावा जताया था।

# यात्री बसों की अवैध पार्किंग ने बढ़ाई ट्रैफिक समस्या

## बस स्टैंड छोड़ अन्य कई जगहों पर रात-दिन कर रहे पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में ट्रैफिक समस्या से हर कोई परेशान है। ट्रैफिक समस्या के वैसे कई कारण हैं, जिनमें एक कारण यात्री बसें भी है। यात्री बसों के लिए भाठागांव अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में पार्किंग निर्धारित की गई है, लेकिन कई ट्रैवल्स एजेंसियां अपनी बसों को बस स्टैंड पार्किंग की जगह शहर के कई इलाकों में सड़कों पर अवैध रूप से पार्क कर रही हैं। इसके कारण इन सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या बन रही है। हरिभूमि की टीम ने शनिवार को शहर में भ्रमण कर ऐसे कई स्थानों को चिन्हित किया, जहां यात्री बसों को अवैध रूप से न केवल पार्क किया जा रहा है, बल्कि कई स्थानों से इन बसों में सवारी भी बिठाई जा रही है।

### प्रतिबंधित अंडरब्रिज से भी रोड क्रास कर रही बसें

शहर में ऐसे कई अंडरब्रिज हैं, जिनमें प्रवेश करना भारी वाहन के लिए प्रतिबंधित है। इसके बाद भी यात्री बसें इन अंडरब्रिज से होकर रोड क्रास कर रही हैं। राजेंद्रनगर अंडरब्रिज से हर दिन बड़ी संख्या में यात्री बसें प्रवेश कर रोड क्रास कर रही हैं। ताज्जुब की बात यह है कि इस ब्रिज के एक तरफ हर दिन ट्रैफिक पुलिस कर्मी तैनात भी रहते हैं जो सिर्फ दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, जबकि उनकी आंखों के सामने लग्जरी बसें रोज अंडरब्रिज के रास्ते रोड क्रास कर रही हैं। इन बस चालकों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**केस 1**

पुजारी पार्क के बगल वाला रास्ता पुजारी पार्क से डीईओ ऑफिस जाने वाले मार्ग पर कई मिनी बसें रातभर पार्क रहती हैं। सड़क पर पार्क इन बसों के कारण इस मार्ग से गुजरने वाली अन्य गाड़ी के चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार यहां पार्क यात्री बसों के कारण जाम की स्थिति भी निर्मित होती है।

**केस 2**

राजेंद्रनगर ओवरब्रिज के पास सर्विस रोड पर भी कई यात्री बसें रात के अलावा दिन में भी पार्क रहती हैं। इस सर्विस रोड के अलावा आरडीए भवन काम्पलेक्स के बगल रास्तों पर भी यात्री बसें हर दिन पार्क की जा रही हैं। यहां पार्क होने वाली ज्यादातर लग्जरी बसें हैं, जो दूसरे जिले एवं राज्य जाती है। इन बसों के कारण सर्विस रोड और आरडीए काम्पलेक्स वाले मुख्य मार्ग पर हर रोज जाम की स्थिति बनती है।




**केस 3**

केनाल रोड पर सूर्य नमस्कार की प्रतिमाओं के पास भी कई मिनी बसें पार्क की जा रही हैं, जबकि यहां गाड़ी पार्क करना प्रतिबंधित है। इस मार्ग से हर दिन हजारों-लाखों गाड़ियां गुजरती हैं। इनमें कई गाड़ियां तेज रफ्तार से भी गुजरती हैं। ऐसे में सड़क पर पार्क इन बसों के कारण यहां दुर्घटना होने की भी संभावना है।

**केस 4**

भाठागांव ओवरब्रिज से लेकर संतोषीनगर ब्रिज तक सड़क के दोनों तरफ सर्विस रोड पर भी कई जगह यात्री बसें पार्क की जा रही हैं, जिसके कारण यहां भी जाम की स्थिति बनती रहती है।

### सड़क पर हो रही बसों की धुलाई

बस मालिक एवं चालकों में ट्रैफिक पुलिस का खौफ नहीं रहा है। यही कारण है कि अब न केवल बसों को सड़क पर पार्क किया जा रहा है, बल्कि उसकी धुलाई भी सड़क पर ही की जा रही है। राजेंद्रनगर सर्विस रोड पर यह दृश्य देखने को भी मिला।

### कार्रवाई का प्रावधान

यात्री बसों की पार्किंग की जगह भाठागांव बस स्टैंड में निर्धारित है। इसके अलावा शहर में और कहीं पार्क की जा रही है, तो कार्रवाई का प्रावधान है। इस संबंध में कार्रवाई करने यातायात पुलिस विभाग से बात की जाएगी।

*- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर*

### फोटो भेजने पर भी की जाती है कार्रवाई

नो पार्किंग में खड़े भारी वाहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। फोटो खींचकर भेजे जाने पर भी कार्रवाई करते हैं। सर्विस रोड में अगर बस पार्क की जा रही है, तो उनके मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। *- **सतीश ठाकुर,** डीएसपी, ट्रैफिक पुलिस*

# मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं की धरपकड़

## काउकैचर से भेज रहे गोठान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी सहित आउटर के इलाकों में सड़क यातायात बाधित कर रहे मवेशियों के झुंड को पकड़ने नगर निगम ने दस जोन में अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शनिवार को अलग-अलग इलाकों से 32 मवेशियों की धरपकड़ कर काउकैचर दस्ते ने गोठान भिजवाया।

- वीआईपी रोड में 11, अमलीडीह मार्ग में 17, लाखेनगर में 2 मवेशी पकड़े
- सड़क यातायात बाधित होने पर धरपकड़

महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने अभियान चलाकर मुख्य मार्ग की सड़कों पर यातायात बाधित कर रहे मवेशियों की धरपकड़ तेज कर दी है। जोन 9 क्षेत्र में वीआईपी रोड श्रीराम मन्दिर के पास शनिवार को 11 मवेशियों को पकड़ कर फुंडहर गोठान भेजा गया।

इसी तरह जोन 10 क्षेत्र में अमलीडीह मार्ग में 17 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर काऊकैचर वाहन से उन्हें गोकुल नगर गौठान भेजा गया। निगम जोन 4 अमले ने कुशालपुर मार्ग में 2 लाखेनगर चौक मार्ग में 2 पशुओं को काउकैचर की मदद से पकड़कर गौठान भेजा, वहीं कालीबाड़ी चौक मार्ग में 1 और महिला पुलिस थाना के पास 1 आवारा पशु की धरपकड़ कर अटारी गोठान भेजा गया।

# दलदलसिवनी में गंदगी, प्रदूषण फैलाने पर डेयरी को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



दलदल सिवनी के रहवासी इलाके में संचालित डेयरी से गंदगी और प्रदूषण से रहवासी परेशान रहे। जनशिकायत पर जोन 9 अमले ने वस्तुस्थिति की जांच कराई, जिसमें शिकायत सही पायी गयी। जोन कमिश्नर संतोष पांडे के निर्देश पर गोपाल यादव की डेयरी को ताला लगाकर सीलबंद किया गया। डेयरी के 7 मवेशियों को निगम अमले ने जब्त कर निगम सीमा क्षेत्र से बाहर शिफ्ट कराकर लोगों को राहत दी।

- निगम ने 7 मवेशी किए जब्त, निगम सीमा से बाहर भेजा

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के दलदल सिवनी स्थित आवासीय इलाके में अवैध रूप से डेयरी का संचालन किया जा रहा था जिससे गंदगी और प्रदूषण फैलाने की शिकायत स्थानीय रहवासियों ने जोन 9 दफ्तर में की। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश एवं जोन कमिश्नर संतोष पांडे के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, बारोन बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में स्पॉट का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान डेयरी में भारी गंदगी मिली और जन शिकायतें सही पायी गयी। जोन कमिश्नर के निर्देश पर दलदल सिवनी आवासीय क्षेत्र में संचालित डेयरी को सीलबंद कर दिया गया।

# दिल्ली में आज से कैट की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कैट की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक 3 अगस्त से दिल्ली में आयोजित है। बैठक में देशभर से प्रमुख व्यापारी नेता शामिल होंगे। राष्ट्रीय बैठक में भाग लेने कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल देशभर के व्यापारिक नेताओं के साथ राष्ट्रीय बैठक में हिस्सा लेगा, जिसमें व्यापारिक क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं एवं भविष्य की रणनीतियों पर मंथन किया जाएगा। साथ ही विदेशी ताक़तों के व्यापार पर प्रभाव को लेकर अहम चर्चा होगी। दिल्ली रवाना होने से पूर्व श्री पारवानी ने कहा कि भारतीय व्यापार को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच मजबूत करने के लिए व्यापारियों की एकजुटता और स्पष्ट नीति आवश्यक है। दिल्ली के लिए रवाना होने प्रतिनिधिमंडल में कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमेन, विक्रम सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, कांति पटेल आदि शामिल रहे।

- देशभर से प्रमुख व्यापारी नेता होंगे शामिल

# छोटा हाथी में गांजा, अफीम, प्रतिबंधित टेबलेट बेचने ले जा रहा बुजुर्ग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी थाने की पुलिस ने एक बुजुर्ग को छोटा हाथी में गांजा, अफीम के साथ प्रतिबंधित नशीला टेबलेट बेचने ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अन्य मामले में कोतवाली पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश तथा उसके नाबालिग साथी को गांजा बेचते गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा बिक्री के 22 हजार रुपए नकद जब्त किया है। जिस बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वह अपने बेटे के साथ मिलकर प्रतिबंधित मादक पदार्थों की अवैध कारोबार करता है। पुलिस ने दोनों मामले के आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल कर दिया है।

- पिता-पुत्र मिलकर करते थे मादक पदार्थ का अवैध कारोबार
- एक अन्य मामले में हिस्ट्रीशीटर गांजा बेचते गिरफ्तार

पंडरी पुलिस ने रमेश पेशवानी (65) को गिरफ्तार किया है। रमेश छोटा हाथी में गांजा, अफीम तथा प्रतिबंधित टेबलेट का पैकेट बनाकर डिलीवरी देने जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में रमेश ने पुलिस को बताया है कि वह अपने घर की छत में मादक पदार्थों को छिपाकर रखता है। मादक पदार्थ लाने की व्यवस्था रमेश का बेटा करता था। रमेश के पकड़े जाने पर उसका बेटा फरार हो गया है, जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है।





### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया उर्फ मुकेश गुप्ता को उसके नाबालिग साथी के साथ गांजा बिक्री करते गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश बूढ़ा गार्डन के पास गांजा बेच रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा। मुकेश पर पिछले दिनों राजकुमार कालेज के पास अपने दो साथियों के साथ मिलकर एक परिवार की बुरी तरह पिटाई करने का आरोप है। मुकेश के खिलाफ हत्या की कोशिश, मारपीट, लूट, एनडीपीएस एक्ट के तहत दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

**न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज(छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी-श्रीकांत श्रीवास)**
**समंस**
(धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत् क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)
मो.दु.दा.प्र. क्र.-12/2023
प्रोसेस क्रमांक-317/25
पेशी दिनांक-30.08.2025

पक्षकार:-निकोलस लकड़ा ------आवेदक
-: विरूद्ध :-
मुजिब खान व अन्य ------ अनावेदकगण

प्रति,
आवेदक निकोलस लकड़ा के द्वारा दुर्घटना में हुए क्षति की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु मोटर दुर्घटना दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक-04 बीमा कंपनी रिलायंस जनरल इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड कंपनी शॉप नम्बर-516, पांचवी मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, कामार्शियल काम्पलेक्स, जी.ई. रोड, रायपुर पिन नम्बर-492001 छ.ग. रायपुर को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु आगामी पेशी दिनांक-30.08.2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आंज दिनांक 29/07/2025 को जारी।

**(श्रीकांत श्रीवास)**
**द्वितीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

## पेज 9 के शेष ...

### सालों पुराने रिकार्ड को...

इन रिकार्डों को शिफ्ट करने के दौरान भी लापरवाही बरती जा रही है। कूड़े-कचरे की तरह इन रिकार्डों को तहसील कार्यालय में शिफ्ट किया जा रहा है। **तहसील में चालू वर्ष से लेकर 1953-54 तक के रिकॉर्ड** : शास्त्री चौक के पास स्थित पुराना तहसील कार्यालय को नर्सिंग हास्टल की बिल्डिंग में शिफ्ट हुए करीब तीन से चार माह हो चुका है। तहसील कार्यालय के शिफ्ट होने के बाद तहसील का पूरा स्टॉफ भी नर्सिंग हास्टल बिल्डिंग में शिफ्ट हो चुका है। शिफ्ट नहीं हुआ था, तो रिकॉर्ड रूम एवं तहसीलदारों के कोर्ट रूम की आलमारियों में रखे पुराने रिकार्ड, रिकार्ड रूम एवं आलमारियों में चालू वर्ष से लेकर वर्ष 1953-54 तक के रिकार्ड रखे हुए हैं। ***शिफ्टिंग के दौरान भी लापरवाही, कूड़े-कचरे की तरह ढोया गया*** : एक ओर जहां रखरखाव के अभाव में सालों पुराने कई रिकार्ड खराब होकर नष्ट हो गए, वहीं इन्हें शिफ्टिंग के दौरान भी भारी लापरवाही बरती गई। इन रिकार्डों को कूड़ा-कचरा की तरह ढोकर वाहन में भरकर दूसरे तसहील कार्यालय भेजा गया। इसके कारण भी कई रिकार्ड फटकर खराब हो गए।

### पिल्ले ने काटा, सात...

छत पर चला गया और वहां से नीचे कूद गया। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि संतोष ने सात महीने पहले कुत्ते के पिल्ले द्वारा काटने की घटना को हल्के में लिया था और उसकी जानकारी घरवालों को देने के बजाए खुद ही घरेलू नुस्खों का उपयोग कर इलाज करता रहा। माना जा रहा है कि अगर सही समय पर उसने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाया होता, तो उसकी जान नहीं जाती।

### जबलपुर एटीएस के...

उसने भोपाल में एक अफगानी शरणार्थी महिला के साथ शादी भी कर ली थी। जबलपुर एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने शोहबत खान नाम के अफगानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। एटीएस जांच में सामने आया है कि शोहबत ने जबलपुर में अपने कई साथियों का फर्जी भारतीय पहचान पत्र तैयार करवाया है। शोहबत से प्रारंभिक पूछताछ में एटीएस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक उसने कम से कम 20 अफगानी नागरिकों को पश्चिम बंगाल, झारखंड तथा छत्तीसगढ़ के रायपुर सहित अलग-अलग जिलों में बसाने की व्यवस्था की है। अफगानी नागरिकों को यहां बसाने के लिए शोहबत ने उनका जबलपुर से भारतीय नागरिकता होने का फर्जी दस्तावेज तैयार करवाया था। **फर्जी पहचान पत्र बनवाने 10 लाख में सौदा** : एटीएस जांच में पता चला है, शोहबत ने चुनावी सेल से जुड़े दोनों अफसरों को अफगानी नागरिकों को भारतीय नागरिकता साबित करने फर्जी दस्तावेज तैयार करने 10 लाख रुपए दिए थे। पासपोर्ट, आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेज फर्जी पते पर बनवाए गए थे। डाकिया डाक छोड़ने जाता था, उसे शोहबत तथा उसके साथी बीच रास्ते में रोक कर तीन से पांच हजार रुपए देकर दस्तावेज हासिल कर लेते थे। ***पूर्व में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों के तार मध्यप्रदेश से जुड़े*** : राजधानी पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र में पूर्व में अंडा ठेला लगाने वाले के साथ जिन अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, उनके तार भी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के साथ पश्चिम बंगाल तथा झारखंड से जुड़े हैं। ऐसे में इन राज्यों में अवैध प्रवासियों की बसाहट कराने किसी बड़े रैकेट के शामिल होने की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। अंडा ठेला लगाने वाले बांग्लादेशी नागरिक ने मध्यप्रदेश, रीवा से फर्जी मार्कशीट तैयार कराकर रायपुर में आकर अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट तथा राशन कार्ड बनवाया था।

### जबलपुर के लिए...

सफर के लिए यात्रियों को यात्रा स्मारक टिकट दिया जाएगा। बता दें कि जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया ब्रॉड गेज बनने के बाद दुर्ग और रायपुर तक सीधी चलने वाली यह पहली ट्रेन है। ये इंटर सिटी रोजाना रायपुर से दोपहर 2:45 पर प्रस्थान करेगी और जबलपुर स्टेशन रात 10:45 में पहुंचेगी। वही जबलपुर से सुबह 6 बजे रवाना होगी और करीब 8 घंटे के सफर के बाद दोपहर 1:50 बजे रायपुर स्टेशन पहुंचेगी। इस सुविधा का यात्रियों को लंबे समय से इंतजार था।

### 15 एलएचबी कोच की...

1 जनरेटर कोच सहित कुल 15 एलएचबी कोच होंगे। रायपुर रेलवे स्टेशन पर वाशिंग लाइन की सुविधा नहीं है। मंडल से चलने वाली गाड़ियों की धुलाई और मरम्मत दुर्ग में होती है। जबलपुर-रायपुर के बीच चलने वाली नई ट्रेन रायपुर की सेकेंड्री ट्रेन होगी। रायपुर स्टेशन में सिर्फ वाटर फिलिंग और सफाई का काम होगा। इसकी मरम्मत और धुलाई जबलपुर में होगी।

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वैदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# एनआरआई कोटे की सीट आवंटन के लिए पुराना नियम, खाली बची तो प्रबंधन कोटे में परिवर्तित

## निजी मेडिकल कालेजों में इस बार अप्रवासी भारतीयों के लिए 81 सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चार निजी मेडिकल कालेज में मौजूद एनआरआई कोटे की 81 सीटों पर एडमिशन के लिए प्रदेश में पुराना नियम ही लागू किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अगर सीटें खाली बच जाती हैं, तो उसे प्रबंधन कोटे में तब्दील कर दिया जाएगा। इस कोटे की सीट प्राप्त करने के लिए दूर के रिश्तेदारों के विदेश में रहने के प्रमाणपत्र को भी मान्य किया गया है। प्रदेश के चार निजी मेडिकल कालेजों में अप्रवासी भारतीयों के लिए 81 सीट आरक्षित है।

प्रदेश में एमबीबीएस और बीडीएस की सीटों पर एडमिशन के लिए राज्य में काउंसिलिंग की प्रक्रिया चल रही है। अभी ऑनलाइन आवेदन के साथ च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस बार अप्रवासी भारतीय नियतांश की सीटों पर एडमिशन के लिए पुराने नियम को ही मान्य किया गया है। इसमें अभ्यर्थी अपने दूर के रिश्तेदारों के प्रमाणपत्र के आधार पर एडमिशन प्राप्त कर सकेंगे।

एनआरआई कोटे का नियम बदलने के लिए पिछली बार काफी बवाल हुआ था, मगर शासन ने इसके नियम में बदलाव नहीं किया। केवल काउंसिलिंग के दौरान इस कोटे की सीट शेष बचने पर उसे मैनेजमेंट कोटे में परिवर्तित किया जाएगा। निजी मेडिकल कालेज में जीरो ईयर घोषित होने की वजह से अप्रवासी भारतीय कोटे की 22 सीट का बड़ा नुकसान हुआ है।

### एक गलती तो नहीं मिलेगा आवंटन

ऑनलाइन पंजीयन के दौरान अभ्यर्थियों को रजिस्ट्रेशन पोर्टल में एडिट ऑप्शन भी दिया गया है। पोर्टल में इसका उपयोग करने के दौरान पूर्व में की गई संस्था चयन की प्रक्रिया स्वतः शून्य हो जाएगी। इसीलिए अभ्यर्थियों को इस बात की विशेष ताकीद की गई है कि संशोधन विकल्प चुनने के दौरान च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया को पुनः पूरा किया जाए। संस्था चयन की प्रक्रिया फिर से पूरा नहीं किए जाने पर विद्यार्थियों को आवंटन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा सकेगा।



### पहले दौर का एडमिशन 9 से

ऑनलाइन आवेदन, मेरिट लिस्ट, सीट आवंटन के बाद पहले राउंड की प्रवेश की प्रक्रिया 9 से 14 अगस्त के बीच पूरी की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस बार प्रत्येक चरण में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दो नियमित, एक मॉपअप के बाद खाली बचने वाली सीटों के लिए स्ट्रे वेकैंसी राउंड पूरा किया जाएगा। काउंसिलिंग की यह प्रक्रिया एमबीबीएस और बीडीएस की राज्य और प्रबंधन कोटे की सीटों के लिए है।

## कार्रवाई : 10 जोन के 70 वार्डों में मेनुअल नोटिस की जगह सीधे ई-चालान

# नगर निगम का ई-चालान और ई-नोटिस सिस्टम शुरू, एक सप्ताह में 176 को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम ने अपने निर्माण सहित अन्य तरह के कार्यों में ई चालान और ई नोटिस देने का सिस्टम शुरू कर दिया है। इसमें नक्शा स्वीकृति से लेकर दी जाने वाली सभी स्वीकृति एवं नोटिस मेनुअल की जगह ऑनलाइन रहेगी। निर्माण कार्यो में पारदर्शिता लाने ई चालान और ई नोटिस का सिस्टम लाया गया है। इसमें नगर निवेश और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी 19 सेवाओं को शामिल किया गया है। सप्ताहभर के अंदर अलग-अलग श्रेणी की सेवाओं में चूक करने 176 लोगों को ई चालान और ई नोटिस भेजा गया। इसमें 176 लोगों ने ई चालान प्राप्त होने के बाद 1,81,727 रुपये की पेनाल्टी जमा कराई, वहीं 44 लोग ऐसे रहे जिनसे ई चालान की राशि जमा होना बाकी है। निर्धारित समय पर ई चालान की राशि जमा नहीं करने पर संबंधित करदाता के संपत्तिकर के साथ ई चालान की राशि संपत्ति कर भुगतान के समय वसूल की जाएगी। दरअसल, नगर निगम की 16 श्रेणी की सेवाओं में चूक करना अब लोगों को महंगा पड़ने लगा है। निगम ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े 13 और नगर निवेश से 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई चालान को डिजिटल डोर नंबर प्लेट से कनेक्ट कर दिया है। इस स्थिति में यदि इस चालान के जुर्माने की रकम भरने में नागरिक देर करता है, तो इससे सीधे उसके प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। नगर निगम के प्रापर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल रहा, जिसको साल में एक बार एकमुश्त लिया जाता है। अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई चालान की राशि इसमें जोड़ दी गई है।

- 132 लोगों ने जमा कराई 1,81,727 रुपये पेनाल्टी




### फोटो खींचकर अपलोड करते ही जुर्माने की रकम तय

नगर निगम के एप में बनाए गए नए ई चालान पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर सीएंडडी वेस्ट या फिर नाले में फेंके गए कचरे की फोटो खींचकर अपलोड होते ही जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से आ जाएगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि इस रकम में किसी प्रकार की घट-बढ़ नहीं हो पाती। निगम आयुक्त के मुताबिक राजपत्र में प्रकाशन नगर निवेश विभाग ने सबिंधित अवैध कब्जे, अवैध निर्माण संबंधी गड़बड़ी के अलावा कचरा फैलाने वालों पर अलग-अलग जुर्माना लगाया जा रहा था। इसमें एकरूपता लाने के लिए ई चालान पैटर्न विकसित किया गया है। जुर्माने के लिए मेनुवल रसीद बंद ई-चालान सिस्टम शुरू किया गया है।

### नगर निवेश की 4 श्रेणी

- सड़क अवरोध
- संपत्ति विरूपण की स्थिति
- ग्रीन नेट न लगाये जाने पर
- मलबा खुले में छोड़ने पर

### स्वास्थ्य की 12 श्रेणियों में लापरवाही पर ई-चालान

- गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने पर
- डायपर सेनेटरी पैड कचरे में मिक्स करने पर
- गार्डन वेस्ट का निराकरण न करने पर
- कूड़े को खुले में फेंकने या जलाने पर
- बिना नगर निगम को सूचित किये 100 व्यक्तियों से ज्यादा का समारोह
- समारोह के दौरान कूड़े को स्थल में ही छोड़ने पर
- स्ट्रीट वेंडर द्वारा कचरा फैलाने,, मिक्स करने पर
- कालोनी, बाजार द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करना
- 5 हजार वर्गमीटर से ज्यादा बड़ी कालोनी, संस्था द्वारा गीला-सूखा कचरा अलग न करने पर
- हॉटल,रेस्टारेंट द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने की स्थिति में
- खुले में शौच करने पर।

# हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन कार्डियोवर्शन और पेसिंग का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के एनीस्थिसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन चिकित्सा महाविद्यालय के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य कार्डियक अरेस्ट एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीज को समय रहते उपयुक्त जीवनरक्षक उपचार प्रदान करने के लिए डॉक्टरों एवं छात्रों को दक्ष बनाना था।

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस कोर्स में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को हृदय गति रुकने की स्थिति में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन सहित कई महत्त्वपूर्ण जीवन रक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के पोस्ट ग्रेजुएट छात्र, एम्स रायपुर के पोस्ट ग्रेजुएट छात्र तथा जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों एवं फिजियोथैरेपिस्टों ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में हाई क्वालिटी सीपीआर, डिफिब्रिलेशन, कार्डियोवर्शन और पेसिंग का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह इस कोर्स की कोऑर्डिनेटर एवं इंस्ट्रक्टर हैं। डॉ. प्रतिभा जैन ने प्रतिभागियों को दिल का दौरा एवं लकवे के लक्षणों की त्वरित पहचान और प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। डॉ. शिवम पटेल ने सीपीआर के चरणों की जानकारी देते हुए बताया कि 30 बार चेस्ट कंप्रेशन के बाद 2 बार सांस देना आवश्यक होता है। विशेषज्ञ टीम में सिम्स की एनीस्थेसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की डॉ. अनीषा नागरिया, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रतीक्षा अग्रवाल शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या में माता कौशल्या की मूर्ति के लिए की मिट्टी ग्रहण



**रायपुर।** चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा ग्राम चंदखुरी में माता कौशल्या संग तीजा तिहार का आयोजन किया जा रहा है। माता कौशल्या की मूर्ति के लिए मिट्टी लाने कलाकार द्वय डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर और पं. राजेश शर्मा अयोध्या गए हुए हैं। उनके द्वारा शनिवार को सुबह सरयू नदी में स्नान कर दशरथ भवन के पंडितों के हाथ से मिट्टी ग्रहण की गई। यह जानकारी परिषद के निदेशक राकेश तिवारी ने देते हुए आगे बताया कि मिट्टी लाने के बाद ग्राम निमोरा के मूर्तिकार पीलू साहू द्वारा माता कौशल्या और रामललाजी की भव्य मूर्ति बनाकर चंदखुरी में पंडवानी गायिका प्रभा यादव के घर स्थापित की जाएगी, जहां पांच दिवसीय कौशल्या माता के संग तीजा तिहार मनाया जाएगा।

### झीरम का सच सामने लाने सुको में याचिका दायर करेंगे शुक्ल समर्थक



**रायपुर।** पं. विद्याचरण शुक्ल के जन्मदिवस और मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्ल समर्थकों ने जीरम घाटी हत्याकांड की सच्चाई को दुनिया के सामने लाने का संकल्प लिया है। स्व. विद्याचरण शुक्ल के समर्थकों ने हाल ही में कानूनी लड़ाई लड़ते हुए सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर दस्तक देने का निर्णय लिया है। कांग्रेस व छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के वरिष्ठ नेता मनोज सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने जानकारी दी कि इस विषय पर पुनः निर्णय लिया गया है और सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह कदम न केवल पं. विद्याचरण शुक्ल के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देगा, बल्कि न्याय के प्रमुख मूल्यों की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। साथ ही कांग्रेस के सभी बलिदानी नेताओं के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ



**रायपुर।** बूढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में शनिवार को अखंड रामायण पाठ शुरू हो गया। यह पाठ 24 घंटे तक चलेगा और समापन 3 अगस्त को दोपहर में किया जाएगा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस पाठ में भगवान श्रीराम की स्तुति की जाएगी। यह पाठ आमतौर पर किसी शुभ अवसर या विशेष दिन पर आयोजित किया जाता है और इसे भगवान राम की कृपा प्राप्त करने तथा बुराई दूर करने का एक तरीका माना जाता है। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। उन्होंने सभी हनुमान भक्तों से आग्रह किया है कि अधिकाधिक संख्या में आकर हनुमानजी का दर्शन का लाभ लें।

# हमारे सपने थीम पर महिला चैंबर का पदभार ग्रहण समारोह

## चैंबर की सदस्यता बढ़ाने वाली महिलाएं होंगी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के बाम्बे मार्केट स्थित चैंबर सभा भवन में शनिवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनर तले वर्कप्लेस विजडम और महिला चैंबर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एडवाइजर अजय पाल सिंह ने व्यापारियों के व्यापार जगत से जुड़े हुए सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम में 40 कंपनियों के एचआर ने हिस्सा लिया और व्यापार की कानूनी प्रक्रियाओं के बारे जिज्ञासा शांत की।

महिला चैंबर के पदभार ग्रहण समारोह के मौके पर महिला चैंबर अध्यक्ष डॉक्टर इला गुप्ता ने घोषणा करते हुए कहा कि महिला चैंबर महीने में 2 बार बाजार लगाने जा रहा है, जिसमें सामान का प्रचार-प्रसार महिला चैंबर के माध्यम से होगा। साथ ही चैंबर की सदस्यता बढ़ाने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

डॉ. इला गुप्ता ने सभागार में उपस्थि लोगों को मानसिक तनाव कैसे कम किया जाए, इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एंजायटी क्या होता है, जब कभी हाथ पैरों मे थरथराहट होने लगे,




घबराहट होने लगे, पसीना आने लगे, तो समझिए एंजाइटी की प्रॉब्लम बढ़ गई है। डॉ गुप्ता ने कहा कि कभी इस तरह की प्रॉब्लम आती है गर्दन में दर्द हो, मांसपेशियां अकड़ने लगे, चक्कर आ रहे हों, तो खुद से उपचार न करें तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

पदभार ग्रहण समारोह में संरक्षक मीनाक्षी टुटेजा, फुलवासन बाई यादव, अध्यक्ष- डॉ. इला गुप्ता, महामंत्री- मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष- नम्रता श्रीकांत अग्रवाल,कार्यकारी अध्यक्ष-मंजूषा पटले, मधुबाला सिंह, सलाहकार-ऋतु जैन, मंजूषा परियल, प्रबंधक-स्वाति सोनी, मनीषा सिंह, मीडिया प्रभारी-सुनीता पाठक, यूथ प्रभारी-सुनिधि पांडे, सामाजिक सलाहकार-सुमन मुथा, रायपुर प्रभारी-स्वप्निल मिश्रा,वित्तीय सलाहकार-सोमा घोष, हेमल बेन शाह, राजनीतिक सलाहकार- प्रीति उपाध्याय, गायत्री केसरवानी,सांस्कृतिक प्रभारी-सविता गुप्ता, ऐश्वर्य तिवारी, प्रीति मिश्रा, उपाध्यक्ष-देवयानी पांडे, पल्लवी चिमनानी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहीं।

इस मौके पर राज्य के तीन मेधावी स्काउट गाइड सदस्य रायपुर से मनतृप्त कौर -रेंजर, देवाशीष माखीजा-रोवर एवं दुर्ग से कुसुम सिन्हा- गाइड को महिला चैंबर की ओर से सम्मनित किया गया।

इस अवसर पर चैंबर संरक्षक श्रीचन्द सुन्दरानी, सलाहकार-अरविंद जैन, लखमशी पटेल, किशोर आहूजा, अशोक मलानी, अमर गिदवानी,चेयरमेन-गोपालकृष्ण अग्रवाल, वाइस चेयरमेन-चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष-राधाकिशन सुन्दरानी राजेश वासवानी,जसप्रीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष-निकेश बरड़िया, सहित महिला चैंबर के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

नगर निगम और ट्रैफिक विभाग मिलकर करेंगे काम

# शहर के 18 चौक-चौराहों की बदलेगी सूरत, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के डेढ़ दर्जन प्रमुख चौराहों में आने वाले दिनों में लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर निगम ने ट्रैफिक विभाग के साथ मिलकर इन चौराहों को चिन्हांकित किया है। इसमें नगर उत्थान योजना के तहत नगर निगम अपने इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट से सर्वे कराकर ट्रैफिक स्मूथ करने सुझाव देगा। इसमें मुख्य रूप से पचपेड़ी नाका चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, आमापारा चौक, आजाद चौक, लाखेनगर चौक, तेलघानी चौक, शंकर नगर चौक बिलो ब्रिज सहित अन्य चौराहे शामिल हैं। इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने निगम का लोक निर्माण विभाग ऑनलाइन टेंडर करने की तैयारी में है।

- निगम ने इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट से कराया सर्वे
- 10 करोड़ के प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

ट्रैफिक जाम से जूझ रहे शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने नगर उत्थान योजना में शहर के डेढ़ दर्जन प्रमुख चौराहों की दशा सुधारने 10 करोड़ खर्च होंगे। योजना के मुताबिक इसके लिए संबंधित चौराहों के सर्वे का कार्य कराया गया है। निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट तय कर बाकायदा इसकी प्लानिंग की है। इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट को प्रोजेक्ट कास्ट का 1.16 फीसदी राशि परामर्श शुल्क बतौर दी जाएगी।



### इन चौराहों को व्यवस्थित करने की तैयारी

पचपेड़ी नाका चौक, खम्हारडीह चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, पिकाडली हॉटल मोहबा बाजार चौक, सिविल लाइन स्थित कटोरातालाब चौक, जीई रोड स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय चौक, एनआईटी चौक, अनुपम गार्डन चौक, वंदना आटो चौक, आमापारा चौक, आजादचौक, अवंतिबाई चौक, लाखे नगर चौक, भनपुरी चौक, शहीद भगत सिंह चौक, वीआईपी रोड स्थित फुंडहर चौक, कौशिल्या विहार गेट, तेलघानीनाका चौक, समता कालोनी स्थित अग्रसेन चौक, मोवा थाना चौक, दलदल सिवनी टर्निंग पाइंट चौक, शंकर नगर चौक बिलो ब्रिज, मेकाहारा चौक।

### इस तरह से होंगे काम

- लेफ्ट टर्न खोला जाएगा, जरूरत के अनुसार सामान्य चौक में रोटरी का निर्माण होगा।
- भीड़ वाले चौराहों पर सिग्नल लगाने की व्यवस्था, बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल शुरू कराये जाएंगे।
- साइनेज के साथ रोड मार्किंग कार्य
- यातायात को बाधित करने वाले बिजली पोल तार को सुव्यवस्थित कर अंडरग्राउंड केबलिंग करायी जाएगी।
- सुगम आवागम के लिए डिवाइडर निर्माण।

## बिजनेस साइट

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में संस्कृति और रचनात्मकता का उत्सव

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संकाय द्वारा सांस्कृतिक गतिविधि दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी और वैज्ञानिक मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैंसी शर्मा और टीम को मिला, जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर निखिल वर्मा और वेदिका सोनी की टीमें रहीं। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में छात्रों ने फल-सब्जियों से मानव अंगों के मॉडल बनाए। इसमें प्रथम स्थान ऋषभ देवांगन की टीम को प्राप्त हुआ। मेहंदी प्रतियोगिता में सुमन वैष्णव प्रथम, सुरुचि वर्मा द्वितीय और यशोदा सोनी व शेखर फंटासिया संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का मूल्यांकन डॉ. वीणा सिंह, डॉ. अंजलि यादव व डॉ. आरपी राजवाड़े ने किया। आयोजन को सफल बनाने में योगिता साहू और निधि साहू की भूमिका सराहनीय रही। आयोजन ने छात्रों में रचनात्मकता और टीमवर्क को प्रोत्साहित किया।



### बीएसएनएल का धमाकेदार ऑफर : सिर्फ 1 रुपए में 'आजादी का प्लान'

**रायपुर।** भारत की अग्रणी स्वदेशी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने छत्तीसगढ़ में अपनी 4जी सेवा का पूर्ण विस्तार कर दिया है। इस अवसर पर बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं को खास सौगात देते हुए 'आजादी का प्लान' लॉन्च किया है, जिसकी कीमत मात्र 1 रुपए रखी गई है। यह प्लान विशेष रूप से नए और एमएनपी उपभोक्ताओं के लिए लाया गया है, जिसमें हाई-स्पीड 4जी नेटवर्क के साथ कई सुविधाएं शामिल हैं। 1 रुपए में मिलने वाले इस प्लान में उपभोक्ताओं को अनलिमिटेड कॉल्स, 2 जीबी डाटा प्रतिदिन और 100 एसएमएस प्रतिदिन है, जो 30 दिनों की वैधता के साथ उपलब्ध होगा। यह योजना 1 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक प्रभावी रहेगी और इसे बीएसएनएल के किसी भी नजदीकी उपभोक्ता सेवा केंद्र या अधिकृत रिटेलर से प्राप्त किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में पौधारोपण




**रायपुर।** 'मां के नाम एक पेड़ लगाना है, भारत माता को स्वर्ग सा सुंदर बनाना है' इसी भावना के साथ छत्तीसगढ़ पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई, जिसमें विद्यालय की प्राचार्य मिर्जा परवीन, शिक्षक, वार्ड पार्षद एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य और गीत प्रमुख रहे। साथ ही, विद्यालय के छोटे बच्चों ने भी अपने नन्हे हाथों से पौधे रोपकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 3 अगस्त 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

लाइव इवेंट

## राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की मनाई जयंती, बच्चों को बांटे फल और उपहार



**रायपुर।** राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्तजी की 139वीं जयंती के अवसर पर गहोई यूथ रायपुर द्वारा प्रज्ञा कर्णबधिर शाला एवं छात्रावास, डीडीनगर में बच्चों के बीच फल एवं उपहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर गहोई यूथ रायपुर के संयोजक एवं प्रभारी समाजसेवी संतोष गुप्ता, साकेत गुप्ता, ऋषि गुप्ता, आलोक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, विनय गुप्ता तथा विजेंद्र सोनी सहित अन्य युवाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। बच्चों ने इस कार्यक्रम में अत्यंत उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया।

### आंदोलन में चेतना जगाने का किया काम

स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की सराहना करते हुए अतिथियों ने कहा कि वे बच्चों के लिए निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, जो अत्यंत प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त की रचनाओं को याद किया गया और बताया गया कि किस प्रकार उनके साहित्य ने स्वतंत्रता आंदोलन में चेतना जगाने का कार्य किया। उनके इसी योगदान के चलते राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि दी थी। गहोई यूथ रायपुर ने भविष्य में भी ऐसे बच्चों के लिए सहयोग और सेवाकार्य जारी रखने की घोषणा की।

आराधना

## गुरु की डांट में छिपा है मोक्ष का मार्ग, क्रोध करने पर शिष्य को हंसकर सहना चाहिए



**रायपुर।** भावोल्लास चातुर्मास समिति व विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला में शनिवार को तीर्थप्रेम विजयजी ने उत्तराध्ययन सूत्र के गूढ़ ज्ञान को सरल शैली में प्रस्तुत करते हुए गुरु-शिष्य संबंध की महिमा पर प्रकाश डाला। तीर्थप्रेम विजयजी ने कहा, यदि गुरु अपने शिष्य को डांटते हैं, कठोर वचन कहते हैं या क्रोध करते हैं तो उसे शिष्य को हंसकर सहन करना चाहिए, न कि अपने मन में ईर्ष्या या द्वेष उत्पन्न करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुरु का क्रोध, डांट और प्रेम गुरु धर्म के ही रूप हैं। इन सभी के पीछे उद्देश्य केवल शिष्य को मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करना होता है।

### ज्ञान अनंत तप और प्रभु ध्यान से ही प्राप्त होता है

शिष्य को पूर्ण समर्पण के साथ गुरु के अधीन रहना चाहिए और गुरु की अनुमति के बिना कोई कार्य, यहां तक कि झपकी लेना भी उचित नहीं माना गया है। गुरु और शिष्य का आदर्श संबंध वही है, जिसमें शिष्य बिना कहे गुरु की भावना को समझ सके। ऐसा शिष्य निश्चित ही आध्यात्मिक उन्नति की ओर बढ़ता है। ज्ञान की सर्वोच्चता पर प्रकाश डालते हुए तीर्थप्रेम विजयजी ने सूत केवली और 14 पूर्व ज्ञान की चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह ज्ञान अत्यंत विशिष्ट और दुर्लभ है, जो केवल अनंत तप और प्रभु ध्यान से ही प्राप्त होता है।

सिटी इवेंट

## 38 दिव्यांग बच्चों को दी गई ड्राइंग और डांस की ट्रेनिंग



**रायपुर।** जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र एमसीएच द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए कई एक्टिविटीज का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शनिवार को कालीबाड़ी में हुआ, जिसमें ऑटिज्म, मानसिक दिव्यांग, डाउन सिन्ड्रोम, लर्निंग डिसेबिलिटी, सेरेब्रल पाल्सी, दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चे शामिल रहे। यह एक्टिविटीज सितारे जमीन पर विषय पर रखी गई। कार्यक्रम में बच्चों ने फैंसी ड्रेस, ड्राइंग, बैलून गेम्स, चम्मच एवं बॉल गेम्स, म्यूजिक व डांस जैसी एक्टिविटीज की। कार्यक्रम में 38 बच्चों के साथ उनके अभिभावक शामिल हुए और बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### अवसर मिलने पर विशेष बच्चे कर सकते है कमाल

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष बच्चों को समाज के अहम हिस्से के रूप में दिखाना, इनकी अलग पहचान और ये बताना कि अवसर मिलने पर ये बच्चे कमाल करते हैं। इस कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु चिकित्सालय की अधीक्षिका डॉ. चंद्रा राव, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. नीता कर्णावत, स्पेशल एजुकेटर बिनय कुमार शर्मा, सोशल वर्कर डॉ. ललिता साहू, साइकोलॉजिस्ट रजिया शेख के साथ और भी लोग शामिल हुए।

रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस ने दोस्तों के साथ जमकर की मस्ती

# 'ममामिया थीम' में सजी प्री फ्रेंडशिप डे पार्टी डिस्को लुक और फायर स्टंट ने बढ़ाया रोमांच



*रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस के सदस्यों ने ड्रामा, म्यूजिक और मनोरंजन से भरपूर प्री-फ्रेंडशीप-डे पार्टी का आयोजन किया, यहां महिलाएं डिस्को लुक में 'मा..मा..मिया थीम' के साथ नजर आईं। पार्टी की शुरुआत केक कटिंग सेरेमनी के साथ हुई, जिसने कार्यक्रम में दोस्ती की मिठास घोल दी। इसके बाद शुरू हुआ संगीत और डांस का सिलसिला, जिसमें सभी महिलाओं ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण रहा, आतिशबाजी और फायर स्टंट। कांच की बोतलों पर आग लगाकर हवा में उछाला गया, जिसने उपस्थित सभी मेहमानों का ध्यान अपनी ओर खींचा और माहौल को रोमांचक बना दिया। इस रंगीन शाम में दोस्ती, हंसी और स्टाइल का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने एक यादगार और फोटो फ्रेंडली इवेंट बना दिया।*

### मस्ती का माहौल और संगीत की धुनों पर थिरकते कदम

फ्रेंडशिप डे के इस खास मौके पर रायपुर में महिलाओं ने डिस्को थीम पार्टी के जरिए दोस्ती को नए रंग में मनाया। कार्यक्रम में 'यार बिना चैन कहां रे', 'डिस्को दीवाने', 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' जैसे लोकप्रिय गीतों ने माहौल को जोशीला बना दिया। सभी महिलाओं ने न सिर्फ जमकर डांस किया, बल्कि एक-दूसरे के साथ मनोरंजन से भरपूर गेम्स भी खेले। इस खास आयोजन में 200 से अधिक महिलाएं शामिल हुई और दोस्ती के इस पर्व को पूरे उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। आयोजन में सभी ने अपने अंदाज में फ्रेंडशिप डे की बधाई दी और दोस्ती से भरी शाम को यादगार लम्हों में बदल दिया।

## फिल्मी गीतों पर महिलाओं ने किया जमकर डांस







रोटरी क्लब ऑफ क्वीन संस्था द्वारा फंताक्षरी ' सावन महोत्सव ' का आयोजन किया गया, जहां महिलाएं इंद्रधनुष के सात रंगों की थीम पर सजी दिखी। देर शाम तक आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत अंताक्षरी प्रतियोगिता से की गई, जिसमें कुल 2 राउंड हुए। ऐसे में केसरिया तेरा इश्क है पिया...सावन का महीना, पवन करे शोर..जैसे फिल्मी गीतों की धुन से महिलाओं के कार्यक्रम को उमंग और उत्साह से भर दिया। अंताक्षरी की विजेता टीम इंडिगो आइडल्स रही, वहीं बॅलुन राउंड में नीरू अग्रवाल ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। आयोजन के दौरान महिलाओं की भागीदारी और ऊर्जा देखने लायक रही। कार्यक्रम संयोजकों ने बताया कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से सावन की पारंपरिक खुशियां आधुनिक अंदाज़ में मनाने का अवसर मिलता है। इस खास अवसर पर क्लब की अध्यक्ष दीपिंदर कौर, सचिव प्रभजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष मोनिका जग्गी, शीतल अग्रवाल, अनिता गोयल शामिल हुईं।



### धमाकेदार म्यूजिक का आयोजन

धमाकेदार म्यूजिक और फ्रेंडशिप थीम पर डांस पार्टी का आयोजन देर शाम तक चलता रहा, इस बीच क्लब की प्रेसिडेंट नीरू अग्रवाल, सेक्रेटरी तनुश्री अग्रवाल, चेयरपर्सन ऋतु अग्रवाल, नीतू सिंघानिया, निकिता अग्रवाल शामिल हुईं।



**व्यस्तता के बाद भी निकालते हैं समय:** सभी दोस्त कार्यक्षेत्र को लेकर व्यस्तता के बाद भी सप्ताह में दो दिन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल के आफिस में ही शाम 5 से 8 बजे के बीच समय बिताते हैं। इस बीच सभी का फोन एक जगह रख दिया जाता है। सिर्फ हंसी-ठिठोली में समय बिताते हुए बचपन की यादों को ताजा करते हैं। किसी दिन आपस में चर्चा करने के बाद दोस्तों के घर पर महफिल सजाते हैं। सभी दोस्तों को सप्ताह के दो दिनों का इंतजार हमेशा रहता है। मौज-मस्ती के साथ हम एक-दूसरे के लिए सुख-दुख के साथी हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर खुली कई परतें, सामने आई दोस्तों की अनोखी दास्तां, साझा की यादें

# बचपन का याराना 53 साल से कायम, रिश्ते की मिठास को सहेजने हर सप्ताह ठहाकों की महफिल



**रायपुर।** इत्र से सिर्फ तन महकता है, लेकिन सच्चा मित्र मिलने से जीवन ही नहीं, दो परिवारों के बीच खुशियां भी बिखरती हैं। कई बातें ऐसी होती हैं, जिसे माता-पिता ही नहीं, पत्नी को भी नहीं बता सकते, लेकिन अपने करीबी दोस्त को साझा कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के मौके पर हम जिनकी बात करने जा रहे हैं, इनकी दोस्ती आज मिसाल बन चुकी है। इनमें 15 युवाओं का वह ग्रुप शामिल हैं, जिनके बीच 53 साल पुराना याराना है। इसी तरह पड़ोस में रहते हुए जिसके साथ पढ़ाई की, उन्हीं से ऐसा रिश्ता बना कि 23 साल से पति-पत्नी के रूप में जीवन बिता रहे, कभी रिश्ते में कड़वाहट भी नहीं आई। धरसींवा-चरौदा से 1973 में टिकरापारा क्षेत्र में शिफ्ट हुआ। उन दिनों में मेरे साथ 15 दोस्त जुड़े थे। उन दिनों सभी की स्थिति एक जैसी थी, सब सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए साथ जाते और साथ में आने के बाद खेलते हुए समय बिताया। एक समय ऐसा भी आया, जब हमें अलग-अलग कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ा। तब एक नियम बनाया कि सप्ताह में दो दिन सभी दोस्त मिलने के लिए तय समय में पहुंचेंगे। कुछ इसी तरह की पुरानी यादों के साथ शहर के जाने-माने बिजनेसमैन, मोटिवेशनल स्पीकर राजेश अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि बचपन के दोस्तों में अजय अवस्थी, विश्वनाथ भट्टाचार्य, सुजीत मुखर्जी सहित 15 दोस्तों का ग्रुप है। सभी दोस्त दो साल में एक बार देश से बाहर घूमने जाते हैं। सालभर में दो बार दोस्तों के साथ देश के अलग-अलग शहरों व पर्यटन क्षेत्रों का भ्रमण करते हैं।

### दोस्तों ने बचाया और हटवाई दारू भट्टी

*उन्होंने बताया कि 1983 में शराब दुकान को आबादी के बीच से हटाने का संकल्प सबसे पहले हमारे ग्रुप ने लिया था। उन दिनों टिकरापारा मार्ग पर स्थित हरदेव लाला मंदिर के पास ही शराब दुकान हुआ करती थी। इससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को रोज नशेड़ियों की उलजुलूल हरकतों के चलते विवाद की स्थिति बनती थी। हमने शराब दुकान हटवाने का संकल्प लिया और विरोध शुरू किया। तब दुकान के लठैतों ने मुझे टार्गेट किया। इसका पता चलते ही सभी दोस्तों ने साथ दिया। इससे दारू भट्टी को जिला प्रशासन को हटवाना पड़ा। दोस्तों में डाक्टर्स, सीए, सेना से रिटायर्ड कर्नल, साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी भी शामिल हैं।*

प्रदेशभर में 15 यूनिट सक्रिय, जिसमें 2-3 साल से बालिकाओं की संख्या बढ़ती जा रही

# एनसीसी में गर्ल्स कैडेट्स का ऐसा क्रेज, जितनी सीटें उससे ज्यादा डिमांड

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** इन दिनों नेशनल कैडेट कोर का क्रेज युवाओं के बीच तेजी से बढ़ता जा रहा है। स्कूल और कॉलेज स्तर पर छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में एनसीसी से जुड़ रहे हैं, जहां उन्हें भारतीय सेना के अनुरूप अनुशासन, नेतृत्व और शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। शहर के अनेक स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राएं एनसीसी से जुड़ रहे हैं, ऐसे में गर्ल्स कैडेट्स की संख्या तेजी की बढ़ रही है। हरिभूमि से चर्चा के दौरान एनसीसी अधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर के स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं में एनसीसी को लेकर रुझान बीते 5 साल से लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में प्रशिक्षण के लिए घुड़सवारी, माइक्रोलाइट एयरक्रॉफ्ट, एरो मॉडल और हथियार प्रशिक्षण मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शहरभर के स्कूल-कॉलेजों में 33 प्रतिशत से अधिक बालिका कैडेट्स की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जो आर्मी, नेवी, एयरविंग में तेजी से भागीदारी के लिए बढ़ रहे हैं। प्रदेश के 8 सीजी गर्ल्स बटालियन में लगभग ढाई हजार से 3 हजार तक बालिकाएं शामिल हैं।



### छात्राओं की भागीदारी को समझें

*शहर व आसपास के क्षेत्रों के स्कूल-कॉलेज में 27 सीजी बटालियन एनसीसी, 5 सीजी बटालियन एनसीसी, 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन, 1 सीजी नेवल यूनिट, 8 सीजी गर्ल्स बटालियन के अंतर्गत कैडेट्स प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें 8 सीजी गर्ल्स बटालियन में मात्र ढाई हजार से 3 हजार तक बालिकाएं शामिल हैं। इसके अलावा अन्य चार बटालियन में कम से कम 33 प्रतिशत बालिकाओं की उपस्थिति अनिवार्य है, जिसमें उनका चयन स्कूल-कॉलेज में नियुक्त अधिकारी व एनसीसी अधिकारियों द्वारा किया जाता है। महाविद्यालय के आंकड़ों के अनुसार गर्ल्स की भागीदारी अब लगातार बढ़ती जा रही है, जिनकी चयन प्रक्रिया भी तेजी से कठिन होती जा रही है।*

### प्रदेश में 15 एनसीसी युनिट

*एनसीसी अधिकारी कर्नल प्रदीप कुमार नायर ने बताया कि प्रदेश में कुल 15 एनसीसी यूनिट केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से स्कूल और कॉलेज स्तर के छात्रों को भारतीय सेना के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इन यूनिट्स के अंतर्गत लगभग प्रदेश के 28 जिले शामिल हैं, जहां लगभग 25 हजार कैडेट्स सक्रिय रूप से एनसीसी की ट्रेनिंग ले रहे हैं। इन 15 यूनिट में करीब 357 शिक्षण संस्थान जुड़े हुए हैं, इनमें 259 विद्यालय, 93 कॉलेज और 5 आईटीआई शामिल हैं। ऐसे में घुड़सवारी का प्रशिक्षण 13 घोड़ों के साथ अंजोरा में दिया जाता है, वहीं एयरविंग के लिए माइक्रोलाइट एयरक्रॉफ्ट भी है।*

### एरो मॉडल और एयरक्रॉफ्ट उड़ान में छात्रों का रुझान

दुर्गा कॉलेज के एनसीसी अधिकारी वीके चौबे ने बताया कि छात्राओं की पहली पसंद एयरविंग है, जहां उन्हें एरो मॉडल और एयरक्रॉफ्ट उड़ाने का अवसर मिलता है। कॉलेज के कुछ कैडेट्स ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की परेड में कमांडर के रूप में नेतृत्व भी किया है, जो अन्य कैडेट्स के लिए प्रेरणाश्रोत बन चुका है। एनसीसी के लिए हर वर्ष सीमित सीटों पर चयन की प्रक्रिया होती है, जहां 25 से 30 सीटों के लिए करीब 60–70 छात्राएं आवेदन करती हैं। ऐसे में रिटर्न एग्जाम और इंटरव्यू के माध्यम से योग्य प्रतिभागियों का चयन किया जाता है।

### 100 सीटों के लिए 150 से अधिक आवेदन

दानी गर्ल्स स्कूल से एनसीसी अधिकारी साधना गुप्ता ने बताया कि स्कूल में 9वीं और 10वीं कक्षा की छात्राओं को एनसीसी में शामिल होने का अवसर दिया जाता है, जिसमें उन्हें आर्मी विंग के लिए चयन किया जाता है, हर वर्ष सौ छात्राओं का चयन उनकी योग्यता के आधार पर होता है। इसमें 100 सीटों के लिए 150 से अधिक छात्राएं आवेदन लेकर पहुंचती हैं। बीते 3-4 साल में बालिकाओं का रुझान एनसीसी की तरफ बढ़ा है, जिसका मुख्य कारण कॅरियर का एक विकल्प और व्यक्तिगत विकास है।

हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार 03 अगस्त 2025
haribhoomi.com



# स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें और वायरल बिमारियों से कैसे बचें

स्वास्थ्य हर व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। एक स्वस्थ शरीर और मन न केवल हमारी कार्यक्षमता को बढ़ाता है, बल्कि हमें जीवन का आनंद भी देता है। लेकिन आजकल की भागदौड़ और प्रदूषण भरी जिंदगी में स्वास्थ्य समस्याएं भी आम हो गई हैं। खासकर वायरल बिमारियाँ जैसे सर्दी, जुखाम, फ्लू, डेंगू, मलेरिया आदि तेजी से फैल रही हैं। इसलिए, यह जरूरी है कि हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और इन बिमारियों से बचने के उपायों को समझें।

## स्वास्थ्य का ध्यान रखने के उपाय

**1. स्वस्थ आहार:** एक संतुलित और पौष्टिक आहार स्वस्थ रहने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अपने आहार में हरी सब्जियां, फल, अंकुरित अनाज, प्रोटीन, और कैल्शियम से भरपूर भोजन शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियाँ, गाजर, फलियाँ, दूध, दही, और मछली से आपको शरीर की सभी आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं, जो आपकी सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं।

**2. वॉटर सेवन:** पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है और त्वचा की सुंदरता को बनाए रखता है। रोज़ाना 8 से 10 गिलास पानी पीने की आदत डालें।

**3. व्यायाम और योग:** नियमित व्यायाम और योग करने से शरीर चुस्त और ताजगी से भरा रहता है। यह दिल की धड़कन को सही रखता है, रक्त संचार को बढ़ाता है, और तनाव कम करता है। रोज़ाना कम से कम 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूर करें, जैसे चलना, दौड़ना, योगाभ्यास, और अन्य एरोबिक एक्सरसाइज।

**4. पर्याप्त नींद:** शरीर को सही से काम करने के लिए पर्याप्त नींद जरूरी है। दिन में कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें। नींद की कमी से न केवल मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि यह आपकी शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

**5. तनाव कम करना:** मानसिक तनाव का शरीर पर गहरा असर पड़ता है। यह न केवल आपकी मानसिक स्थिति को खराब करता है, बल्कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी कमजोर कर देता है। योग, ध्यान, और गहरी सांसों के अभ्यास से मानसिक शांति प्राप्त करें और तनाव से बचें।

## वायरल बिमारियों से बचाव के उपाय

**1. हाथ धोने की आदत डालें:** वायरल बिमारियों से बचने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है हाथों को नियमित रूप से धोना। बाहर से घर लौटने के बाद, भोजन से पहले, और बाथरूम के बाद अपने हाथ अच्छे से धोएं। साबुन और पानी से हाथ धोने से अधिकांश बैक्टीरिया और वायरस खत्म हो जाते हैं।

**2. मास्क पहनें:** खासकर जब आप किसी संक्रमित व्यक्ति के पास हों या सार्वजनिक स्थानों पर जाएं, तो मास्क पहनना महत्वपूर्ण होता है। यह वायरल इंफेक्शन से बचाव करने में मदद करता है, खासकर फ्लू और कोविड-19 जैसे वायरस से।

3. सतहों को साफ रखें:घर और कार्यस्थल की सतहों को नियमित रूप से साफ और कीटाणुरहित करें, खासकर वो स्थान जहां लोग अक्सर हाथ लगाते हैं, जैसे डोरनॉब्स, कीबोर्ड, मोबाइल फोन आदि। यह वायरस के फैलने के जोखिम को कम करता है।

**4. बॉडी इम्यूनिटी को बढ़ाएं:** शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) को मजबूत बनाए रखने के लिए सही आहार और नियमित व्यायाम के साथ विटामिन C और D का सेवन करें। ये इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं और वायरल बिमारियों से लड़ने की क्षमता में सुधार करते हैं। नींबू पानी, संतरे, आंवला, और हल्दी का सेवन विशेष रूप से लाभकारी होता है।

**5. वायरल संक्रमण से दूर रहें:** जब किसी को सर्दी, जुखाम या अन्य वायरल संक्रमण हो, तो उससे दूरी बनाए रखें। संक्रमित व्यक्ति के साथ निकट संपर्क से बचें, ताकि आप भी संक्रमित न हों। इसके अलावा, यदि आप स्वयं संक्रमित हैं, तो दूसरों से दूरी बनाकर रखें और घर पर आराम करें।

**6. सही टीकाकरण:** विभिन्न वायरल बिमारियों के खिलाफ टीकाकरण करना बेहद जरूरी है। जैसे फ्लू के टीके, कोविड-19 वैक्सीनेशन, आदि, शरीर को सुरक्षा प्रदान करते हैं और वायरल बिमारियों से बचाते हैं।

स्वास्थ्य को बनाए रखने और वायरल बिमारियों से बचाव के उपायों को अपनाकर हम न केवल अपनी शारीरिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त कर सकते हैं। अगर हम सही आहार, व्यायाम, नींद और स्वच्छता का ध्यान रखें, तो हम वायरल बिमारियों से खुद को बचा सकते हैं और एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

श्रीरामकिंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन
एम.एस.-एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन
एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589
सरोपी तालाब के सामने, बिलासपुर रोड, सिमगा
मो.: 9644241414, 8253033669, 8966841922, 9752169399

Dr. Sunita Shukla
D.H.M.S.
HOMEOPATHY
Treatment Available
Skin • Acne • Hair Fall • Dandruff • Pcod • Fatty Liver • Thyroid
Blood Pressure • Diabetes • Harts Problems • Gas
All Types Of Treatments....etc.
Timing : Morning 10.30 to 1.30
Evening 5.30 to 8.00
98261 73250
Near Federal Bank
New Shanti Nagar, Raipur (C.G.)


SHREE RAM MULTI SPECIALITY HOSPITAL
SRMH
लोकः समस्त सुखिनों भवन्तु



70 बिस्तरीय हॉस्पिटल
उच्चस्तरीय क्रिटिकल केयर और ट्रॉमा सेंटर
FACILITIES :
• जनरल मेडिसीन • जनरल सर्जरी
• प्रसूति एवं स्त्री रोग • न्यूरोलॉली एवं न्यूरोसर्जरी
• बर्न एवं चोट • यूरोलॉजी • नेफ्रोलॉजी • पीडियाट्रिक
• गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी • नाक, कान, गला • डेंटल
• फीजियोथेरेपी • ऑप्थलमोलॉजी • कैंसर
• कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी
24x7 आपातकालीन सेवा, ट्रॉमा सेंटर एवं गंभीर मरीजों का उचित देखभाल
आपातकालीन के लिए - 8404 8404 79
CSPDCL कर्मचारियों के लिए कैशलेश | आयुष्मान योजना द्वारा निःशुल्क उपचार
NOW CASHLESS TIE-UP WITH | CASHLESS HEALTH CHECK UP | UNDER SCHEME CASHLESS ANYWHERE
DEPARTMENT OF GENERAL AND EMERGENCY MEDICINE
DEPARTMENT OF ORTHOPEDIC AND SPORTS INJURY
DEPARTMENT OF GENERAL AND LAPROSCOPIC SURGERY
DEPARTMENT OF OBSTETRIC AND GYNAECOLOGY
DEPARTMENT OF NEUROLOGY AND NEUROSURGERY
DEPARTMENT OF UROLOGY AND UROSURGERY
DEPARTMENT OF NEPHROLOGY AND DIALYSIS
DEPARTMENT OF CARDIAC EMERGENCY
DEPARTMENT OF CHEST AND RESPIRATORY EMERGENCY
DEPARTMENT OF GASTROLOGY AND GASTROSURGERY
DEPARTMENT OF ONCO / CHEMO CANCER CARE SURGERY
DEPARTMENT OF ADVANCED CRITICAL CARE AND TRAUMA CENTRE
SHREE RAM MULTI SPECIALITY HOSPITAL
24 HOUR EMERGENCY SERVICE
84048 40479
87188 80407
Near Railway Under Bridge, Basant Vihar Gate No. 1, Gondwara Chowk, Gudhiyari, Raipur (C.G.)
Phone : 0771-4343161, 4340162, Email : shreeramhospital.op@gmail.com
Website : www.srmhraipur.com

हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार 03 अगस्त 2025
haribhoomi.com





# अपनी त्वचा (Skin) की देखभाल?

स्वस्थ त्वचा और घने, चमकदार बाल न केवल हमारे सौंदर्य का प्रतीक हैं, बल्कि आत्मविश्वास और अच्छे स्वास्थ्य की भी पहचान माने जाते हैं। आज के समय में जहां भागदौड भरी जीवनशैली, प्रदषण, तनाव, और असंतलित खानपान हमारे शरीर को अंदर से नकसान पहंचा रहे हैं, वहीं इसका सीधा असर हमारी त्वचा और बालों पर पडता है। समय के साथ त्वचा पर मंहासे, झाइयाँ, झर्रियाँ, और बालों में झडना, रूसी व समय से पहले सफेद होना जैसी समस्याएं आम हो गई हैं।

इस लेख में हम त्वचा और बालों की देखभाल से जडी सामान्य समस्याओं, उनके उपचार, आधनिक तकनीकों और घरेल नस्खों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## त्वचा (Skin) की देखभाल और उपचार

**1. त्वचा की सामान्य समस्याएं:** मुंहासे (Acne): युवावस्था में हार्मोनल बदलाव के कारण यह सबसे आम समस्या है।झाइयाँ और काले दाग: सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों और उम्र बढ़ने की वजह से।ड्राई स्किन (रूखी त्वचा): नमी की कमी, ठंडा मौसम और गलत साबुन के प्रयोग से।झुर्रियाँ (Wrinkles): उम्र के साथ त्वचा की लोच खत्म होने से।

**2. उपचार के आधुनिक तरीके:** लेजर थेरेपी: दाग-धब्बों, झाइयों और झुर्रियों के इलाज में कारगर।केमिकल पील: त्वचा की ऊपरी परत को हटाकर नई त्वचा लाने में सहायक।माइक्रोडर्माब्रेशन: मृत त्वचा हटाने और रंगत निखारने की प्रक्रिया।बोटॉक्स और फिलर्स: त्वचा को जवान दिखाने और झुर्रियाँ मिटाने के लिए।

**3. घरेलू उपचार और प्राकृतिक नुस्खे:** हल्दी, बेसन और दही का फेस पैक: चमकदार त्वचा के लिए।एलोवेरा जेल: मुंहासे और जलन में आरामदायक।गुलाब जल: प्राकृतिक टोनर के रूप में उपयोगी।नीम का फेसवॉश: बैक्टीरिया और संक्रमण से सुरक्षा।

**4. आवश्यक सुझाव:** दिन में कम से कम 8 गिलास पानी पिएं।SPF युक्त सनस्क्रीन का रोज़ाना उपयोग करें।संतुलित आहार लें जिसमें विटामिन A, C, E प्रचुर मात्रा में हो।पर्याप्त नींद लें और तनाव से दूर रहें।

## बालों (Hair) की देखभाल और उपचार

**1. सामान्य समस्याएं:बाल झड़ना (Hair Fall):** पोषण की कमी, हार्मोनल बदलाव, तनाव या स्कैल्प इंफेक्शन।डैंड्रफ (रूसी): फंगल संक्रमण या शुष्क त्वचा से।स्प्लिट एंड्स (दोमुंहे बाल): अत्यधिक हीटिंग और कैमिकल्स के उपयोग से।बालों का सफेद होना: जेनेटिक कारण, तनाव या पोषक तत्वों की कमी।

**2. आधुनिक उपचार विधियाँ:** PRP थेरेपी (Platelet Rich Plasma): सिर में अपने ही खून से प्लेटलेट्स इंजेक्ट कर बालों की ग्रोथ को उत्तेजित किया जाता है।हेयर ट्रांसप्लांट: गंजेपन के स्थायी समाधान के रूप में।लेजर कॉम्ब्स: बालों की जड़ों को उत्तेजित करने के लिए।मेसोथेरेपी: विटामिन्स और मिनरल्स को स्कैल्प में इंजेक्ट किया जाता है।

**3. घरेलू नुस्खे:** आंवला, रीठा और शिकाकाई: बालों के प्राकृतिक शैम्पू के रूप में।मेथी और दही का हेयर पैक: बालों को पोषण और चमक देने के लिए।नारियल तेल में करी पत्ते उबालकर लगाने से सफेद बालों में लाभ।अंडा और जैतून तेल का मिश्रण: हेयर मास्क के रूप में उपयोग करें।

**4. पोषण और खानपान:** बालों की मजबूती के लिए बायोटिन, आयरन, जिंक और प्रोटीन ज़रूरी हैं।अंकुरित अनाज, हरी सब्जियाँ, फल और सूखे मेवों को आहार में शामिल करें।

## त्वचा और बालों की देखभाल में सावधानियाँ


बहुत अधिक कैमिकल युक्त कॉस्मेटिक उत्पादों से परहेज करें।रोज़ाना चेहरा साफ करें, लेकिन ज्यादा स्क्रबिंग से बचें।बाल धोने के बाद तुरंत कंघी न करें।गीले बालों को ज़ोर से न मसलें, इससे जड़ें कमजोर हो सकती हैं।हीट ट्रीटमेंट (हेयर ड्रायर, स्ट्रेटनर) का सीमित उपयोग करें।



## योग और ध्यान का महत्व

तनाव हमारी त्वचा और बालों पर बुरा असर डालता है। नियमित योगाभ्यास और ध्यान से शरीर का रक्तसंचार सुधरता है और हार्मोन संतुलित रहते हैं, जिससे त्वचा पर निखार और बालों की मजबूती बढ़ती है। प्राणायाम (Breathing Exercise): त्वचा को ऑक्सीजन मिलता है। शीर्षासन और सर्वांगासन: बालों की जड़ों में रक्त संचार बढ़ाते हैं।

त्वचा और बालों की देखभाल कोई एक दिन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह एक सतत प्रयास है। बदलती जीवनशैली के साथ हमें अपनी स्किन और हेयर रूटीन को भी अपडेट करना होगा। जहां एक ओर मेडिकल और कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट्स अद्भुत परिणाम दे सकते हैं, वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक और घरेलू उपाय हमें बिना किसी साइड इफेक्ट के लाभ पहुंचाते हैं। जरूरी है कि हम समय निकालकर अपने शरीर की मूलभूत ज़रूरतों को समझें और सजग होकर उसकी देखभाल करें।







हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार 03 अगस्त 2025
haribhoomi.com



# कैंसर का संपूर्ण इलाज: उम्मीद की नई राहें और चिकित्सा की आधुनिक दिशा

कैंसर एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही लोग घबरा जाते हैं। यह एक जानलेवा बीमारी मानी जाती है, जो शरीर की कोशिकाओं में असामान्य वृद्धि के कारण होती है। समय रहते पहचान और उचित इलाज न मिलने पर यह शरीर के अन्य हिस्सों में फैल सकता है और जानलेवा सिद्ध हो सकता है। लेकिन आज के आधुनिक युग में चिकित्सा विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि कैंसर का समय पर इलाज न केवल संभव है, बल्कि कई मामलों में पूरी तरह ठीक भी किया जा सकता है। यह लेख कैंसर की पहचान, कारण, प्रकार, उपचार विधियाँ, नवीनतम तकनीकें और बचाव के तरीकों पर आधारित है, ताकि लोगों में जागरूकता फैले और वे समय रहते इसका इलाज करा सकें।

## कैंसर क्या है?

कैंसर शरीर की कोशिकाओं के अनियंत्रित विभाजन का परिणाम है। जब शरीर की कोई कोशिका अपने सामान्य जीवनचक्र से बाहर जाकर अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती है, और आस-पास के ऊतकों व अंगों में फैलने लगती है, तो उसे कैंसर कहा जाता है। कैंसर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

## कैंसर के मुख्य कारण

कैंसर के अनेक कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

1. **तंबाकू और धूम्रपान:** यह फेफड़ों, मुंह, गले, और अन्य अंगों के कैंसर का मुख्य कारण है।
2. **अस्वस्थ खानपान और मोटापा:** अधिक तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड का सेवन, अत्यधिक मीठा, फैटी फूड और शराब से कैंसर का खतरा बढ़ता है।
3. **अनुवांशिकता (Genetics):** परिवार में पहले किसी को कैंसर हुआ हो तो अगली पीढ़ियों में खतरा अधिक होता है।
4. **वायरल संक्रमण:** HPV वायरस (गर्भाशय कैंसर) और हेपेटाइटिस B/C (लिवर कैंसर) इससे जुड़े हैं।
5. **पर्यावरणीय कारक:** प्रदूषण, रसायनों के संपर्क में रहना, UV किरणें आदि भी कैंसर का कारण बन सकते हैं।

## कैंसर के प्रकार

1. **ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर):** महिलाओं में सबसे आम प्रकार।
2. **लंग कैंसर (फेफड़ों का कैंसर):** धूम्रपान इसका मुख्य कारण है।
3. **प्रोस्टेट कैंसर:** पुरुषों में होने वाला आम कैंसर।
4. **ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया):** खून और अस्थि मज्जा से संबंधित कैंसर।
5. **स्किन कैंसर:** सूरज की UV किरणों से होता है।
6. **माउथ कैंसर:** पान, गुटखा, तंबाकू के सेवन से होता है।
7. कोलन कैंसर, लीवर कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, आदि।

## कैंसर के लक्षण

किसी गांठ का बनना और उसका बढ़ना
अचानक वजन कम होना भूख कम लगना
लगातार खांसी या खून आना
लम्बे समय तक चलने वाला बुखार
घाव जो भर नहीं रहा कमजोरी, थकावट
मासिक धर्म में गड़बड़ी (महिलाओं में)
ध्यान दें: ये लक्षण अन्य बीमारियों में भी हो सकते हैं, लेकिन अगर ये लक्षण लंबे समय तक बने रहें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## कैंसर का संपूर्ण इलाज – प्रमुख विधियाँ

1. **सर्जरी (Surgery):** शरीर में मौजूद कैंसरयुक्त ट्यूमर या ग्रंथि को शल्यक्रिया द्वारा निकालना। यह तभी संभव है जब कैंसर शरीर के सीमित हिस्से में हो।
2. **कीमोथेरेपी (Chemotherapy):** दवाओं के ज़रिये कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। यह रक्त द्वारा पूरे शरीर में फैलने वाले कैंसर के लिए विशेष रूप से उपयोगी होती है।
3. **रेडिएशन थैरेपी (Radiation Therapy):** सटीक जगह पर रेडिएशन किरणों के माध्यम से कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। इसका प्रयोग अक्सर कीमोथैरेपी या सर्जरी के साथ किया जाता है।
4. **इम्यूनोथेरेपी (Immunotherapy):** इसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कैंसर कोशिकाओं से लड़ने की क्षमता बढ़ाई जाती है।
5. **हार्मोनल थैरेपी:** कुछ कैंसर जैसे स्तन या प्रोस्टेट कैंसर, हार्मोन पर निर्भर होते हैं। हार्मोन को नियंत्रित करने वाली दवाएं दी जाती हैं।
6. **टारगेटेड थैरेपी:** यह उपचार विशेष कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करके उन्हें नष्ट करता है, जबकि सामान्य कोशिकाओं को नुकसान नहीं पहुंचाता।
7. **स्टेम सेल ट्रांसप्लांट (Bone Marrow Transplant):** यह ब्लड कैंसर के मरीजों में उपयोगी होता है।

## आधुनिक तकनीकें और भारत में उपलब्धता

आज भारत में भी प्रमुख अस्पतालों और कैंसर संस्थानों में विश्वस्तरीय तकनीकें मौजूद हैं:
टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (मुंबई)
एम्स (दिल्ली)
अपोलो, फोर्टिस, मैक्स जैसे प्राइवेट हॉस्पिटल
कई राज्य सरकारें मुफ्त या सब्सिडी में कैंसर उपचार प्रदान कर रही हैं।

## कैंसर से जुड़ी भ्रांतियाँ (Myths vs. Reality)

भ्रम: कैंसर छूने से फैलता है।
सत्य: कैंसर संक्रामक नहीं है। यह किसी को छूने या साथ रहने से नहीं फैलता।
भ्रम: कीमोथैरेपी से मौत जल्दी हो जाती है। सत्य: कीमोथैरेपी इलाज का अहम हिस्सा है, जिससे कई लोगों की जान बचती है। भ्रम: कैंसर का इलाज नहीं होता। सत्य: आज कई प्रकार के कैंसर पूरी तरह ठीक किए जा सकते हैं, खासकर यदि समय पर पता चल जाए।

## बचाव के उपाय

1. तंबाकू, गुटखा, शराब से दूर रहें।
2. हर साल हेल्थ चेकअप कराएं।
3. महिलाएं मैमोग्राफी और पैप टेस्ट नियमित कराएं।
4. HPV और हेपेटाइटिस B का वैक्सीनेशन करवाएं।
5. संतुलित आहार लें और वजन नियंत्रित रखें।
6. योग और ध्यान से तनाव दूर रखें।
7. प्रदूषण और केमिकल्स के संपर्क से बचें।

कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन यह अब जीवन का अंत नहीं है। आधुनिक चिकित्सा, सही जानकारी, समय पर जांच और सकारात्मक सोच के साथ कैंसर को पूरी तरह हराया जा सकता है। लाखों लोग आज कैंसर से जंग जीत चुके हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं। इसलिए ज़रूरी है कि हम जागरूक बनें, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।
कैंसर से डरें नहीं, उसका सामना करें। क्योंकि अब कैंसर का संपूर्ण इलाज संभव है – बस ज़रूरत है सही समय पर सही कदम उठाने की।



संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल



यूनिट-1 रायपुर में
यूनिट-2 रायपुर में
यूनिट-3 रायपुर में
संजीवनी व काले हॉस्पिटल का संयुक्त उपक्रम अतिशिघ्र जगदलपुर में
संजीवनी व श्रीराम केयर हॉस्पिटल का संयुक्त उपक्रम अतिशिघ्र विलासपुर में
संजीवनी, डॉ परिदा व वसुंधरा बिल्डर्स का संयुक्त उपक्रम अतिशिघ्र अंबिकापुर में

मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ का एक अत्याधुनिक सम्पूर्ण कैंसर हॉस्पिटल जहां एक ही छत के नीचे

+ हमारे विशेषज्ञ +

मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग
डॉ. विकास गोयल – Hematology & Hemato-oncology
डॉ. अनिकेत ठोके – Chemotherapy Specilaist
डॉ. राकेश मिश्रा – Medical Oncologist

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग
उच्च अनुभवी सर्जरी विशेषज्ञों की टीम
डॉ. युसूफ मेमन – Director & Sr. Cancer Surgeon
डॉ. अर्पण चतुरमोहता – HOD, Director, Sr. Cancer Surgeon
डॉ.मौ रॉय – Clinical Director, Sr. Cancer Surgeon
डॉ. विवेक पटेल – Sr. Cancer Surgeon
डॉ. कल्याण पांडे – Sr. Cancer Surgeon
डॉ. विकास अग्रवाल – Senior Cancer Surgeon

रेडियेशन ऑन्कोलॉजी
डॉ. रमेश कोठारी – Radiation Oncologist
डॉ. सतीष देवांगन – Radiation Oncologist

न्यूक्लियर मेडिसीन एवं रेडियोलॉजी
डॉ. विकास मेश्राम – Consultant Nuclear Medicine
डॉ. शुभम असरानी – Radiologist
डॉ. प्रशांत साहू – DMRD, DNB, Onco Radiologist

पेन, पैलियेटिव मेडिसिन विभाग
डॉ. अविनाश तिवारी – Pain and Palliative Medicine Specialist
डॉ.नलनेश शर्मा – Physiotherapist Clinical Rehabilitation

क्रिटीकल केयर एवं एनेस्थेसिया विभाग
डॉ. हितेन मिस्त्री – Anaesthesiologist
डॉ. राहुल गोयल – Anaesthesiologist and Intensive Care MD
डॉ. योशिता मुलचंदानी – Anaesthesiologist & Intensive Care Specialist
डॉ. विपिन चंद्राकर – MBBS, DA Anaesthesiologist

प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. अनिरूद्ध गुप्ता – Plastic Surgeon

हिस्टोपैथ, फ्रोजन, आई.एच.सी.
डॉ. पार्वती जोशी – Histopathologist
डॉ. अमिर हुसैन – Pathologist
डॉ. अन्नपूर्णा कुमारी – Pathologist

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर 7389905010, 04010, +91 7714081010, 4061010